**खास बात**

*मानव जीवन में हर कार्य का उद्देश्य स्वार्थ नहीं परमार्थ होना चाहिए। तभी जीवन सफल माना जाएगा।*

*- श्रीराम शर्मा*

।। श्री हरि शरणम् ।।

रायसेन से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN/2012/43555

वर्ष - 13 अंक - 166

रायसेन

रविवार, 14 दिसंबर 2025

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com

**रायसेन, नर्मदापुरम एवं भोपाल से प्रकाशित**


## संक्षिप्त समाचार

### तिरुवनंतपुरम ननि में भाजपा की जीत को पीएम मोदी ने केरल की राजनीति में निर्णायक मोड़ बताया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल के स्थानीय निकाय चुनाव 2025 में तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का स्वागत करते हुए इसे केरल की राजनीति में 'निर्णायक मोड़' बताया है। पहली बार भाजपा ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में सत्ता हासिल की है, जिसे राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। पीएम ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'धन्यवाद तिरुवनंतपुरम! तिरुवनंतपुरम निगम में भाजपा-एनडीए को मिला जनादेश केरल की राजनीति में एक निर्णायक मोड़ है। लोगों को विश्वास है कि राज्य की विकास आकांक्षाओं को केवल हमारी पार्टी ही पूरा कर सकती है। हमारी पार्टी इस जीवंत शहर के विकास के लिए काम करेगी और लोगों के 'ईज़ ऑफ लिविंग' को बेहतर बनाएगी।' पीएम ने पार्टी कार्यकर्ताओं की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा, 'मैं सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने जनता के बीच काम किया और यह शानदार परिणाम सुनिश्चित किया।

### पाकिस्तानी जासूसों से संबंध के आरोप में वायुसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी गिरफ्तार

**शोणितपुर।** पाकिस्तानी जासूसों से कथित संबंध रखने के आरोप में तेजपुर में भारतीय वायुसेना के एक सेवानिवृत्त अधिकारी को असम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पूर्व वायुसेना अधिकारी की पहचान कूलेंद्र शर्मा के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों को पाकिस्तानी जासूसी नेटवर्क से उनके संपर्क की सूचना मिलने के बाद कूलेंद्र शर्मा को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक लैपटॉप, मोबाइल फोन और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए हैं, जिन्हें खंगाला जा रहा है। गिरफ्तार कूलेंद्र शर्मा तेजपुर स्थित एयर फोर्स स्टेशन में जूनियर वारंट ऑफिसर के पद पर तैनात थे, जहां सुखोई 30 स्क्वाड्रन सहित महत्वपूर्ण हवाई संपत्ति मौजूद है। वह 2002 में रिटायर हुए थे। इसके बाद उन्होंने कुछ समय के लिए तेजपुर यूनिवर्सिटी में काम किया।

### शशि थरूर ने अपने संसदीय क्षेत्र तिरुवनंतपुरम में भाजपा के शानदार प्रदर्शन पर दी बधाई



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अपने संसदीय क्षेत्र तिरुवनंतपुरम का नगर निगम चुनाव जीतने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बधाई दी। शशि थरूर ने भाजपा की जीत पर कहा कि यह केवल एक चुनावी जीत नहीं है, बल्कि राजधानी की राजनीति में एक बड़ा मोड़ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका लक्ष्य वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के 45 साल के 'कुशासन' को समाप्त कर बदलाव लाना था, लेकिन मतदाताओं ने, परिवर्तन की स्पष्ट मांग करने वाली पार्टी (भाजपा) को ही जीत दिलाई। कांग्रेस नेता ने कहा कि यहां के उन मतदाताओं ने यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) को छोड़ भाजपा को चुना है, जो परिवर्तन की इच्छा रखते हैं। लोगों के इस फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए। पार्टी राज्य की बेहतरी और लोगों की जरूरतों के लिए प्रतिबद्ध है तथा पार्टी सुशासन के सिद्धांतों को बनाए रखेगी। वहीं, कांग्रेस नेता ने केरल के स्थानीय निकाय चुनाव में यूडीएफ की जीत के लिए लोगों को बधाई दी।

### अंतर्मना उवाच



***चार बातों का लोगों के जीवन में एहसान करो.. तो जिंदगी बेहतरीन बन सकती है..!***

*(1) लाभ नहीं दे सकते तो हानि भी मत पहुंचाओ। (2) खुशी नहीं दे सकते तो दुःख भी मत पहुंचाओ। (3) अच्छा नहीं बोल सकते तो बुरा भी मत बोलो। (4) समर्पण नहीं कर सकते तो अहंकार भी मत करो।*

***क्योंकि --***

- *अहंकार व्यक्ति को भीतर से खोखला बना देता है।*
- *अहंकारी व्यक्ति दूसरे को तुच्छ ही समझता है।*
- *अहंकार में व्यक्ति अंधा और बहरा हो जाता है।*
- *अहंकार में व्यक्ति उल्टे सीधे काम करने लग जाता है और एक दिन वही कार्य दुःख में कारण बन जाता है।*

***अहंकारियों इतिहास साक्षी है*** *- जैसे रावण, बाली, कंस और दुर्योधन आदि ऐसे नामी नाम है जिनके बारे में अहंकारी के अलावा सब जानते हैं। सब जानते हैं उनके विनाश का कारण उनका अहंकार ही था।* ***अहंकारी व्यक्ति के इर्द-गिर्द चापलूस, स्वार्थी लोगों का घेरा बन जाता है।*** *ऐसे लोग झूठी प्रशंसा करके उनके मान को पुष्ट करते हैं। इसलिए* ***हमारे आचार्यों ने कहा - सरलता, सहजता, विनम्रता से बढ़कर जीवन में सफलता का दूसरा कोई सूत्र नहीं है...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

---

मुख्यमंत्री ने भोपाल-इंदौर मार्ग पर विक्रमादित्य स्वागत द्वार का किया भूमि-पूजन

# विरासत और विकास का श्रेष्ठ उदाहरण बनेगा भोपाल क्षेत्र : सीएम डॉ. यादव

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज का दिन अद्भुत संयोग का साक्षी बन रहा है। राज्य सरकार के विकास और सेवा को समर्पित दो वर्ष पूर्ण हो रहे हैं और भोपाल की धरती पर भी इतिहास लिखा जा रहा है। हमारा भोपाल विरासत और विकास की दिशा में एक ओर कदम आगे बढ़ा रहा है। एक तरफ भोपाल में भव्य विक्रमादित्य द्वार का भूमिपूजन कर हम प्रदेश की विरासत संजोने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं शहर को स्वच्छ, सुलभ और प्रदूषण रहित परिवहन सेवा देने के लिए पीएम ई-बस सेवा योजनांतर्गत अत्याधुनिक ई-बस डिपो का भूमिपूजन सम्पन्न हो रहा है। राज्य सरकर के इन प्रयासों से भोपाल क्षेत्र विरासत और विकास के श्रेष्ठ उदाहरण के रूप में विकसित होगा।



सीएम प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को भोपाल-सीहोर मार्ग पर हुजूर विधानसभा क्षेत्र के फंदा स्थित महाराणा प्रताप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कार्यक्रम स्थल पर सर्वप्रथम महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और सम्राट विक्रमादित्य स्वागत द्वार एवं भोपाल में पीएम ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत अत्याधुनिक ई-बस डिपो का भूमि-पूजन किया। कार्यक्रम में सीएम का लाड़ली बहनों एवं विभिन्न योजना के हितग्राहियों ने आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मप्र के गौरवशाली अतीत और समृद्ध संस्कृति को अभिव्यक्त करते राजधानी भोपाल में 9 स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं।

भोपाल में परमार वंश के कुलदीपक राजा भोज, सम्राट विक्रमादित्य, श्रीराम, श्रीकृष्ण के नाम पर भी भव्य स्वागत द्वार बनेंगे। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक शहरी विकास से जोड़ा गया है। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मिट्टी निकालकर बड़े तालाब को गहरा किया जाएगा, इससे खेतों में पानी भरने की समस्या का समाधान होगा।

उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय मांग पर ग्राम फंदा का नाम बदलकर हरिहर नगर करने संबंधी प्रस्ताव पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सीएम ने हुजूर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तूमड़ा में शाला भवन के लिए 5 करोड़ रुपए देने और ग्राम फंदा में कॉलेज भवन निर्माण की भी घोषणा की। सीएम ने का कि भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण से देश की पहचान है। उनसे हम जीवन में रिश्तों की महत्ता को समझ सकते हैं। मप्र के साथ कई इतिहास जुड़े हैं। वीर विक्रमादित्य दुनिया की किसी ताकत के आगे नहीं झुके। उनकी वीरता, गंभीरता, दानशीलता, न्यायप्रियता सर्वविदित है। उनके जीवन में जनता ही भगवान थी। उनकी प्रभावशीलता के परिणामस्वरूप ही अनेक राजाओं ने विक्रमादित्य उपाधि ग्रहण की। सम्राट विक्रमादित्य द्वारा स्थापित सुशासन, न्यास और सुरक्षा की व्यवस्था आज भी श्रेष्ठ शासन व्यवस्था के लिए अनुकरणीय है।

### दृष्टिबाधित महिला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप विजेता 3 खिलाड़ियों को मप्र सरकार देगी 25-25 लाख



सीएम से शनिवार को पहला दृष्टिबाधित महिला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 का फाइनल जीतने वाली भारतीय टीम में शामिल मप्र की 3 महिला खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में भेंट की। खिलाड़ियों में सुनीता सराठे, सुषमा पटेल और दुर्गा येवले शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस उपलब्धि के लिए तीनों खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप 25-25 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे, जिसमें से 10-10 लाख रूपये नकद और 15-15 लाख रूपये फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में होंगे। इस दौरान सीएम ने तीनों खिलाड़ियों और तीनों कोच का ट्राफी और अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश का नाम रौशन करने वाली तीनों खिलाड़ियों की आगामी पढ़ाई और कोचिंग आदि की व्यवस्था भी राज्य सरकार द्वारा की जाएगी।

---

संसद पर आतंकी हमले की बरसी पर कार्यक्रम आयोजित

# राष्ट्रपति, पीएम समेत मंत्री-नेताओं ने बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

संसद भवन पर हुए आतंकवादी हमले की बरसी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संसद भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पीएम नरेन्द्र मोदी और राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इसके अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय मंत्रिमंडल के अन्य मंत्री, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य संसद सदस्यों सहित पूर्व संसद सदस्यों व शहीदों के परिजनों ने साहसी सुरक्षाकर्मियों और कर्मठ कर्मचारियों के सर्वोच्च बलिदान को कोटि-कोटि नमन किया।

उल्लेखनीय है कि 13 दिसंबर 2001 को जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैय्यबा के 5 आतंकियों ने संसद भवन पर हमला किया था। इस दौरान भारतीय सुरक्षाकर्मियों ने जान की बाजी लगाकर न केवल इन आतंकियों के मंसूबों को नाकाम किया बल्कि सभी को मार गिराया। इस दौरान दिल्ली पुलिस के 5 जवान, एक



महिला कांस्टेबल और 2 सुरक्षा गार्डों ने बलिदान दिया। बलिदानियों का स्मरण करते हुए राष्ट्रपति ने एक्स पर कहा, ' राष्ट्र उन बहादुर नायकों को सलाम करता है, जिन्होंने 2001 में आज ही के दिन हमारी संसद की रक्षा करते हुए अपनी जान दे दी थी। उनकी बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा हमारी राष्ट्रीय भावना को प्रेरित करती रहेगी। देश उनके और उनके परिवारों का हमेशा ऋणी रहेगा।

पीएम ने शहीदों को नमन करते हुए एक्स पर कहा, 'इस दिन, हमारा देश उन लोगों को याद करता है जिन्होंने संसद पर हुए भयानक हमले के दौरान अपनी जान दे दी थी। गंभीर खतरे का सामना करते हुए, उनकी हिम्मत, सतर्कता और कर्तव्य के प्रति अटूट भावना कमाल की थी। भारत उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए हमेशा उनका आभारी रहेगा।'

### भारत-चीन के बीच द्विपक्षीय रिश्तों में सकारात्मक प्रगति पर सहमति



**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच विदेश मंत्रालय स्तर की परामर्श बैठक को चीनी दूतावास ने समयोचित और फलदायी बताया है। विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) सुजीत घोष और चीनी विदेश मंत्रालय के एशियाई मामलों के विभाग के महानिदेशक लियू जिनसोंग के बीच बीजिंग में द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति को लेकर बातचीत हुई। भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों के अधिकारियों के बीच परामर्श का यह नया दौर सकारात्मक माहौल में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि बैठक में द्विपक्षीय संबंधों में बनी सकारात्मक गति पर चर्चा हुई।

---

शिमला में जेपी नड्डा का सुक्खू सरकार पर तीखा हमला

# केंद्र ने हजारों करोड़ दिए, विकास धरातल पर नजर नहीं आता

**शिमला ■ एजेंसी**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को शिमला में उनके सम्मान में आयोजित अभिनंदन रैली में हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल को हजारों करोड़ रुपये की सहायता दी। लेकिन राज्य में विकास धरातल पर नजर नहीं आ रहा। नड्डा ने कांग्रेस सरकार को नाकाम, झूठी और व्यवस्था को पटरी से उतारने वाली सरकार करार दिया।

जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सवाल किया कि केंद्र सरकार ने राज्य को किस बात की कमी छोड़ी है। उन्होंने कहा कि आपदा राहत के



लिए 3,789 करोड़ रुपये, स्मार्ट सिटी के लिए 1000 करोड़ से अधिक, एम्स बिलासपुर, मेडिकल कॉलेज, बल्क ड्रग पार्क, फोरलेन परियोजनाएं और बद्दी को फार्मा हब बनाने जैसी कई योजनाओं के लिए केंद्र ने भरपूर मदद दी।

### इंडिगो ने लगातार दूसरे दिन 2,000 से ज्यादा उड़ानें संचालित कीं

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन संकट से जूझ रही देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने शनिवार को लगातार दूसरे दिन 2 हजार से ज्यादा उड़ानों का संचालन किया। एयरलाइन ने पिछले 5 दिनों से लगातार ऑपरेशनल सामान्यीकरण और स्थिरता दिखाते हुए यह जानकारी दी है। इंडिगो के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि संशोधित शेड्यूल के अनुसार 2,050 से अधिक उड़ानें संचालित करने के लिए तैयार है, जिसे सरकारी निर्देश के अनुसार कम किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि हमारे सभी 138 ऑपरेशनल डेस्टिनेशन जुड़े हुए हैं और हमारा ऑन-टाइम परफॉर्मेंस इंडिगो मानकों के अनुसार लगातार सामान्य रहा है। पिछले हफ्ते एयरलाइन की कई ऑपरेशनल दिक्कतों के कारण जिनमें एफडीटीएल नियमों में नए संशोधन शामिल हैं, जिसके चलते हजारों उड़ानें रद्द होने के बाद अब सरकारी हस्तक्षेप के कारण बजट एयरलाइन इंडिगो का परिचालन धीरे-धीरे सामान्य हो गया है।




केंद्रीय मंत्री शेखावत का विपक्ष पर तीखा हमला

# कुछ लोगों ने राष्ट्रीय हित से ऊपर राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को प्राथमिकता दी: शेखावत

**जोधपुर ■ एजेंसी**



केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शनिवार को कहा कि देश में कुछ लोग ऐसे हैं, जिनकी मानसिकता हमेशा राष्ट्रीय हितों से ऊपर अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को प्राथमिकता देती रही है।

शेखावत ने यहां एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान बिना नाम लिए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। शेखावत ने कहा कि ऐसे लोगों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए वंदे मातरम् जैसे पवित्र गीत के भी टुकड़े किए और आज भी वही मानसिकता बनी हुई है। आज भी कुछ लोग राष्ट्र की एकता और स्वतंत्रता के मंत्र को अपने राजनीतिक लाभ-हानि के तराजू में तौलते हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

शेखावत ने पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की आर्थिक प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत 4 ट्रिलियन डॉलर से बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ा है।

---

# अब न कोई राजा न महाराजा, लोकतंत्र में जनता हो जागरूक : लक्ष्मण सिंह

**अशोकनगर ■ एजेंसी**



अशोकनगर में पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने शनिवार को अपनी यात्रा के बीच गांधी पार्क चौराहे पर संदेश देते हुए कहा कि अब कोई न महाराजा है न हम राजा हैं, लोकतंत्र में जनता को जागरूक होना चाहिए और अपनी आवाज उठाना चाहिए।

दरअसल पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह यहां सामाजिक समरसता रैली लेकर आए हुए थे। जहां उन्होंने लोगों से कहा अब न हम राजा हैं और न कोई महाराजा, लोकतंत्र में जनता ही सब कुछ है, जनता को जागरूक होना चाहिए। संविधान की मजबूती से लोकतंत्र मजबूत होता है लोगों को आगे आकर बोलना चाहिए, निडर होकर अपना हक मांगना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में रोजगार की समस्या देखने-सुनने में मिली, यहां रोजगार के साधन बढ़ना चाहिए, हम जनप्रतिनिधि चुनते हैं उन्हें छोटे-छोटे रोजगारों को उपलब्ध कराना चाहिए। लक्ष्मण सिंह ने सामाजिक समरसता यात्रा 5 नम्बर से राधौगढ़ से शुरू की थी, वह गुना जिले की विधानसभाओं से होते हुए अशोकनगर जिले में यात्रा जारी है, उनका कहना कि वह पूरे प्रदेश की विधानसभाओं में पहुंचकर यात्रा पूरी करेंगे।

### दिल्ली-एनसीआर में एक्यूआई 400 के पार, ग्रैप-3 की पाबंदियां लागू

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ गया है। दिल्ली में शनिवार को सुबह 10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 401 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में माना जाता है। बढ़ते हुए प्रदूषण के मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी या ग्रैप)-3 की पाबंदियों को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। सीएक्यूएम ने शनिवार को एक बयान में कहा कि कम हवा की रफ्तार, स्थिर वायुमंडलीय स्थिति और प्रतिकूल मौसम के कारण एक्यूआई का स्तर बढ़ गया है। स्थिति की समीक्षा के लिए आयोग की उपसमिति की आपात बैठक बुलाई गई, जिसमें सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया गया।

# मध्यप्रदेश सरकार हर क्षेत्र में विकास के कार्य कर रही है : राजेंद्र शुक्ल

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को मप्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए डिप्टी सीएम एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मप्र सरकार विकास के प्रत्येक क्षेत्र में कार्य कर रही है। सरकार द्वारा किसी भी क्षेत्र में कोई कमी नहीं छोड़ी गई है। डिप्टी सीएम यहां कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

शुक्ल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को सिकल सेल एनीमिया एवं टीबी मुक्त करने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। निरोगी काया अभियान, एयर एम्बुलेंस, प्रत्येक जिला अस्पताल में शव वाहन की सुविधा, मातृ मृत्युदर एवं शिशु मृत्युदर में कमी, प्रत्येक घर तक नल से जल की प्राप्ति, सांदीपनि विद्यालय, पीएमश्री कॉलेज जैसी अनेक उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। सरकार द्वारा मप्र में निवेश प्राप्त करने




के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव एवं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया है, जिससे प्राप्त निवेश प्रस्तावों से प्रदेश में औद्योगिक विकास एवं अधोसंरचना का विकास हो रहा है। शुक्ल ने कहा कि विगत दो वर्षों में प्रदेश सरकार ने विकास कार्यों को गति प्रदान की है। केन-बेतवा लिंक परियोजना का कार्य मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से शुरु किया गया है। एक लाख करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली केन-बेतबा लिंक परियोजना के पूर्ण हो जाने से बुन्देलखंड के खेतों को सिंचाई हेतु जल एवं लोगों को पेयजल की उपलब्धता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी।

---

*सांची विकासखण्ड के भगवानपुरा में हुई एक दिवसीय विशाल किसान संगोष्ठी, प्रदर्शनी एवं आदान वितरण समारोह*

# कृषकों के उत्थान में मील का पत्थर साबित होगा यह आयोजन : शिवराज सिंह

***रायसेन ■ एजेंसी***

*केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, एशिया में डेरी एवं पशुपालन के क्षेत्र का एक उत्कृष्ट और अग्रणी संस्थान है। आज का यह आयोजन अनुसूचित जाति के कृषकों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान में मील का पत्थर साबित होगा।*

*केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह शनिवार को राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई), करनाल द्वारा भारत सरकार की 'अनुसूचित जाति उप-योजना' के अंतर्गत मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के सांची ब्लॉक स्थित ग्राम भगवानपुरा में एकदिवसीय 'विशाल किसान संगोष्ठी, प्रदर्शनी एवं आदान वितरण समारोह' को संबोधित कर रहे थे।*



*केन्द्रीय कृषि मंत्री ने संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा भगवंतपुरा गांव में उन्नत पशुधन उत्पादन, प्रबंधन, डेरी प्रोसेसिंग और मूल्य संवर्धन की तकनीकों को प्रशिक्षण और प्रदर्शन के माध्यम से जमीनी स्तर पर उतारने के प्रयासों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने संस्थान के निदेशक और वैज्ञानिकों को निर्देशित किया कि वे इस क्षेत्र के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें, ताकि इन प्रशिक्षण और प्रदर्शन कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार हो और अधिक से अधिक पशुपालक वैज्ञानिक विधियों से लाभान्वित हो सकें।*

*उन्होंने संस्थान द्वारा ग्रामीण परिवेश में वैज्ञानिक तकनीक पहुँचाने के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के किसानों के भविष्य को बदलने वाली एक युगांतरकारी पहल बताया। इस किसान संगोष्ठी, प्रदर्शनी एवं आदान वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन रायसेन के भगवंतपुरा गांव में एनडीआरआई संस्थान, कृषि विज्ञान केंद्र रायसेन और पशुपालन विभाग रायसेन के संयुक्त सहयोग से किया गया।*

### *शिवराज की बढ़ाई सुरक्षा, किले में तब्दील हुए भोपाल आवास*

*भोपाल। शिवराज सिंह चौहान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को मिली ताजा खुफिया जानकारी के बाद उनकी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। शुक्रवार देर रात भोपाल और दिल्ली-दोनों जगह उनकी सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा किया गया है। भोपाल में 74 बंगला स्थित बी-8 आवास के चारों तरफ पुलिस ने अतिरिक्त बैरिकेडिंग की। वहीं दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। गृह मंत्रालय द्वारा सुरक्षा बढ़ाने को लेकर जारी पत्र के मुताबिक शिवराज सिंह चौहान पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर से दिलचस्पी दिखाने की जानकारी मिली है।*

## संक्षिप्त समाचार

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीजनल एनफ्लूऐन्जा की रोकथाम, बचाव और नियंत्रण के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि मौसम में होने वाले बदलाव के कारण सर्दी-खाँसी (इन्फ्लूएंजा) के लक्षण दिखाई दे सकते हैं, इसलिए इस संक्रमण से बचाव के लिये व्यक्तिगत व्यवहार में परिवर्तन आवश्यक हैं। सीएमएचओ सुधीर डेहरिया ने बताया कि इन मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता, समाजिक दूरी, मास्क पहनना आवश्यक है, ताकि संक्रमण न फैले। उन्होंने बताया कि संवेदनशील समूह जैसे छोटे बच्चे, वृद्धजन, गर्भवती महिलाएं, लंग्स इन्फेक्शन, डायबटीज, हृदय रोग, क्रोनिक लीवर वाले मरीजों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। यदि बुखार, खाँसी, तीव्र स्वशन जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि सभी आमजन स्वंय को इस बदलते मौसम में मौसमी संक्रमण से बचाव के लिये जागरूक रहें और सर्दी, खॉसी, बुखार के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में सम्पर्क कर उपचार लें।

### जिले के 02 जलाशयों को पट्टे पर देने अधिसूचना जारी

**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव द्वारा जिले के दो जलाशयों को पट्टे पर देने संबंधी अधिसूचना जारी की गई है। मछली पालन विभाग की नीति के अंतर्गत जल संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा ग्रामीणों के आर्थिक सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए सीहोर जनपद के भगवानपुरा जलाशय, जिसका औसत जलक्षेत्र 118.78 हेक्टेयर है, तथा भैरूंदा तहसील घोघरा जलाशय जिसका औसत जलक्षेत्र 242 हेक्टेयर है, को पट्टा आवंटन के लिए चयनित किया गया है। जलाशयों के पट्टा आवंटन के लिए विभाग ने प्राथमिकता क्रम भी निर्धारित किया है, जिसके तहत प्रथम प्राथमिकता पंजीकृत मत्स्य सहकारी समितियों को दी जाएगी, जिनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के पात्र हितग्राही शामिल हैं। इसके बाद सामान्य वर्ग के स्व सहायता समूहों एवं मछुआ समूहों को प्राथमिकता मिलेगी।

### सड़कों के सवाल पर टालमटोल करते दिखे प्रभारी मंत्री

**ग्वालियर।** मोहन यादव सरकार के दो साल पूरे होने पर प्रदेशभर में मंत्री सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। ग्वालियर पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट ने प्रेसवार्ता कर सरकार के कामकाज को बेमिसाल बताया। हालांकि, जब मीडिया ने ग्वालियर की बदहाल सड़कों को लेकर सवाल किए तो मंत्री सीधे जवाब देने से बचते नजर आए। सड़क सुधार के सवाल पर उन्होंने केवल इतना कहा कि काम 'दुरुस्त कराया जा रहा है।' शनिवार को ग्वालियर में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट ने करीब एक घंटे तक बीजेपी सरकार के दो साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं।

---

#### उज्जैन नशा-मुक्ति केंद्र में भर्ती युवक की मौत


# शरीर पर चोट के निशान और खून मिला, परिवार ने मारपीट का आरोप लगाया

**उज्जैन ■ निसं**

उज्जैन में मंगलनाथ मार्ग स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती 41 वर्षीय युवक हरीश निर्मल की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। शुक्रवार रात परिजनों को उसकी तबीयत खराब होने की सूचना मिली थी। इसके बाद उसे आरडी गार्डी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल पहुंचने पर परिजनों ने युवक को मृत पाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्ट मार्टम कराया और जांच शुरू कर दी है।

हरीश के शरीर पर चोट के निशान हैं। परिवार ने नशा मुक्ति केंद्र में हरीश के साथ मारपीट का आरोप लगाया है। पवांसा थाना क्षेत्र के शंकरपुर में रहने वाला हरीश निर्मल शराब पीने का आदी था। उसे 6 दिसंबर को नव मानस नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था।

हरीश के मौसेरे भाई नरेंद्र वाडिया के मुताबिक, शुक्रवार रात करीब 12:30 बजे केंद्र से दो लोग हमारे घर आए। उन्होंने सूचना दी कि हरीश की तबीयत खराब होने के कारण उसे आरडी गार्डी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



**शवयात्रा से पहले हरीश के शरीर पर दिखे चोट के निशान**

सूचना मिलने पर परिवार के सदस्य तुरंत अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक हरीश की मौत हो चुकी थी। शनिवार सुबह जब शव को घर लाया गया तो परिजनों ने उसके शरीर पर चोट के निशान और खून देखा। इस पर संदेह होने पर उन्होंने जीवाजी गंज पुलिस को सूचना दी और नशा मुक्ति केंद्र पर हरीश के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया।

**परिवार के संदेह पर पुलिस ने पोस्ट मॉर्टम कराया:** पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर शव का पोस्ट मॉर्टम कराया है। इस मामले में एडिशनल एसपी आलोक शर्मा ने बताया कि जीवाजी गंज थाना क्षेत्र में मर्ग कायम किया गया है। उन्होंने कहा कि हरीश निर्मल की अस्पताल में मौत हुई थी। परिवार के संदेह के आधार पर पोस्ट मॉर्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**हरीश के दो बच्चे हैं:** परिजनों के मुताबिक, हरीश निर्मल के दो बच्चे हैं, जिनमें एक लड़की और एक लड़का शामिल है। पिता ग्यारसीलाल निर्मल एक रिटायर्ड कंपाउंडर हैं। हरीश स्वयं कंस्ट्रक्शन का काम करता था।

**घर पर हुई मारपीट, केंद्र में नहीं**

नव मानस नशामुक्ति केंद्र के डायरेक्टर उमेश वैष्णव का कहना है कि हरीश को चार-पांच दिन पहले केंद्र में भर्ती किया था। उसके साथ घर पर ही मारपीट हुई है। हरीश को पहले से ही हार्ट की प्रॉब्लम थी शुक्रवार को साइलेंट अटैक आने से उसकी मौत हुई है। परिवार वालों ने जो आरोप लगाए हैं वह निराधार हैं। नशामुक्ति केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज उन्हें दिखाए गए हैं।

---

## प्रभारी मंत्री लोधी ने ग्राम नहाल्दा में जल संरक्षण के लिए श्रमदान किया



**खंडवा ■ निसं**

प्रदेश सरकार के पर्यटन, संस्कृति व धार्मिक न्यास विभाग के मंत्री एवं खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने शनिवार को ग्राम नहाल्दा में आयोजित कार्यक्रम में जल संरक्षण के उद्देश्य से वहां वर्षा ऋतु में खेतों का पानी खेत में ही रोकने के लिए तैयार किए जा रहे रिचार्ज पिट निर्माण के दौरान श्रमदान किया। इस अवसर पर मांधाता विधायक नारायण पटेल, खंडवा विधायक मती कंचन मुकेश तन्वे, पन्धाना विधायक मती छाया मोरे, खंडवा की महापौर मती अमृता अमर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष मती पिंकी सुदेश वानखेड़े, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, वन मंडल अधिकारी राकेश डामोर, जिला भाजपा अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, जिला पंचायत के सीईओ डॉक्टर नागार्जुन बी. गौड़ा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

प्रभारी मंत्री लोधी ने इस अवसर पर कहा कि खण्डवा जिले में जल संरक्षण और संवर्द्धन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहा है और खण्डवा जिले को राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर इसके लिए सम्मानित भी किया जा चुका है। उन्होंने रिचार्ज पिट के माध्यम से वर्षा ऋतु में खेतों का पानी खेत में ही रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। गांव के सरपंच ने इस दौरान बताया कि वर्षा का पानी खेतों से व्यर्थ न बहे और खेत का पानी खेत में ही रूककर मिट्टी की नमी बढ़ाए, इस उद्देश्य से खेतों के आसपास 15-15 मीटर दूरी पर इस तरह की रिचार्ज पिट बनाई जा रही हैं। ग्राम नहाल्दा में इस तरह की कुल 266 संरचनाएं निर्मित की जाएंगी।

---

#### शासकीय पी डब्लू डी का रेसटाहाऊस बना पार्किंग स्थल खड़े निजी वाहन

## वाहनों खड़े होने से खाली मैदान की हो रही दुर्दशा नहीं हो रही साफ सफाई फैल रही गंदगी

**सिवनी मालवा ■ निसं**

उपनगरी बानापुरा के शासकीय पी, डब्लू डी का रेसटाहाऊस इन दोनों पार्किंग स्थल बना हुआ है विगत कई सालों से रेस्ट हाउस में अवैध वाहन खड़े हो रहे हैं। वाहनों खड़े होने से खाली मैदान की रही दुर्दशा हो रही हैं। इन वाहनों के खड़े होने के कारण पी डब्लू डी रेसटाहाऊस के मैदान में साफ सफाई करने में अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है जिस कारण गंदगी का अमवार लगा हुआ है निजी वाहन मालिक मैदान में अपने वाहन खड़े कर के चले जाते हैं वाहन मालिकों को निशुल्क वाहन खड़े करने का अच्छा साधन मिल गया है कई वाहन मालिक तो अपने वाहन को देखने भी नहीं आते हैं कई वर्षों से वाहन खड़े हैं जिसके कारण वाहनों के आस पास गंदगी होने के कारण बदबू भी आ रही है जिससे बिमारियों का खतरा बढ़ रहा है पी डब्लू डी एसडीओ प्रभारी राजकुमार जखनोरे इस और कोई ध्यान नही दे रहें हैं कई बार प्रशासनिक अधिकारियों ने भी वाहन हटाने को लेकर कहा लेकिन एसडीओ राजकुमार जखनोरे वाहनों को हटाने में असमर्थ है राजकुमार जखनोरे स्वच्छता अभियान से भी कौसो दूर है पी डब्लू डी रेसटाहाऊस के चारों तरफ गंदगी फैली हुई है अंग्रेजों के बनाऐ हुऐ बारुद खाने में भी जहरीले सांप और कीड़े मकोड़ों ने अपना डेरा बना लिया है बारूद खाने कि शिकायत जनसुनवाई में भी कि गई लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई वार्ड नंबर दो के नागरिकों एवं रहवासियों को दिन रात खतरा बना रहता है लेकिन राजकुमार जखनोरे इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं वार्ड वासियों का कहना है कि प्रभारी एसडीओ राजकुमार जखनोरे किसी हादसे का इंतजार कर रहे हैं लगातार राजकुमार जखनोरे को इसकी जानकारी देते हैं लेकिन कोई ना कोई बहाना कर टालमटोल कर दिया जाता है जनसुनवाई में आवेदन पत्र देने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई पी डब्लू डी रेसटाहाऊस में प्रदेश, जिला , तहसील, के बड़े बड़े अधिकारियों का आना जाना हमेशा लगा रहा है पी डब्लू डी के जिला अधिकारियों का भी आना जाना लगा हुआ है लेकिन इस और किसी का भी ध्यान नहीं है वर्षों से खड़े वाहनों पर कार्रवाई होनी चाहिए ताकि मैदान में साफ सफाई हो सके गंदगी और बदबू से वार्ड वासियों को निजात मिल सके और पी डब्लू डी रेसटाहाऊस के चारों ओर स्वछता बनी रहे।



### लोक अदालत में निगम दफ्तरों पर करदाताओं की भीड़

**उज्जैन।** उज्जैन में नेशनल लोक अदालत में शनिवार को अलग ही रंग देखने को मिला। नगर निगम के जोन कार्यालयों में टैक्स जमा करने आए करदाताओं का मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं करदाताओं ने भी लोक अदालत के प्रति उत्साह दिखाया। लाइन में लगकर टैक्स जमा किया। यही कारण है कि दोपहर 2:30 बजे तक एक करोड़ 46 लाख रुपए से अधिक का संपत्तिकर जमा हो गया था। यह इस साल की आखिरी नेशनल लोक अदालत थी, जिसका आयोजन नगर निगम के सभी छह जोन कार्यालयों में किया गया। कर संग्रह का काम सुबह 10 बजे शुरू हुआ और देर रात 12 बजे तक चलने की संभावना जताई गई। इस दौरान निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने जोन कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालयों में आने वाले करदाताओं से टैक्स वसूली के साथ-साथ बड़े बकायेदारों से वसूली के लिए स्टाफ को फील्ड में भी भेजा जाए, ताकि तय लक्ष्य समय पर पूरा किया जा सके।

---

#### कोबरा और नेवले की लड़ाई में कोबरा सांप हुआ घायल

## सहायक चिकित्सक गोविंद सराठे ने घायल सांप कोबरा का इलाज किया

### सर्प मित्र कल्लू लोधी ने सुरक्षित स्थान में छोड़ा

**सिवनी मालवा ■ निसं**

इंडियन स्पेक्टाकल कोबरा का ट्रीटमेंट सिवनी मालवा पशु चिकित्सालय में सहायक चिकित्सक गोविंद सराठे द्वारा किया गया एवं सर्पमित्र कल्लू लोधी ने एक घायल सर्प को लाया गया था जिसका सफल इलाज किया गया और घायल सर्प को पांच टाके लगाऐ गए हैं कल्लू लोधी ने जानकारी देते हुए बताया कि नेवले और कोबरा सांप का आमना-सामना हुआ और दोनों में लड़ाई हो गई जिसमें सर्प कोबरा घायल हो गया कोबरा को पशु चिकित्सा लाया गया सहायक चिकित्सक गोविंद सराठे ने घायल सांप कोबरा का इलाज किया गया कोबरा बुरी तरह से घायल हो गए था पांच टाके लगाऐ गए एवं इंजेक्शन भी लगाया गया सर्प मित्र कल्लू लोधी ने सुरक्षित स्थान में छोडा गया।



**सांप और नेवले की लड़ाई प्रकृति का एक रोमांचक और आम नज़ारा है:** जिसमें नेवले की फुर्ती, चालाकी और सांप के जहर के प्रति उसकी आंशिक प्रतिरोधक क्षमता के कारण अक्सर नेवला भारी पड़ता है. यह लड़ाई अस्तित्व के लिए होती है, जहाँ नेवला बिजली की गति से सांप के हमलों से बचकर उसके सिर पर झपट्टा मारता है, और अक्सर उसे मारकर खा जाता है. कई बार ये लड़ाई सड़कों पर भी होती है, जहाँ लोग इन्हें देखने के लिए रुक जाते हैं।

**लड़ाई की मुख्य बातें:** नेवले की खासियत: नेवले के शरीर में एक खास प्रोटीन होता है जो सांप के जहर को बेअसर करने में मदद करता है, जिससे वह सांप के काटने से बच जाता है।

**लड़ने का तरीका:** नेवला बहुत तेज़ी से हिलता है, सांप के फन फैलाने और डसने के हर वार से बचकर सही मौके पर सांप के सिर पर वार करता है।

**सांप का तरीका:** सांप फन फैलाकर फुफकारता है और डसने की कोशिश करता है, लेकिन नेवले की गति के आगे अक्सर टिक नहीं पाता।

**परिणाम:** अधिकतर मामलों में, नेवला सांप को मारकर खा जाता है, यह सिर्फ एक लड़ाई नहीं बल्कि शिकार भी होता है।

**सोशल मीडिया पर वीडियो:**

अक्सर सांप और नेवले की लड़ाई के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते हैं, जहाँ लोग सड़क पर रुककर इस रोमांचक मुकाबले को देखते हैं।

---

## ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर किया गया 552 बच्चों का टीकाकरण




**सीहोर ■ निसं**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 12 दिसंबर को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 412 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 140 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 60 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

---

#### बगैर फिटनेस, परमिट के दौड़ रही सिटी बस जब्त

## बीमा और पीयूसी सर्टिफिकेट भी मिले खत्म; 25 हजार की पेंडिंग रसीद काटकर केस कोर्ट भेजा

**सागर ■ निसं**

सागर के मकरोनिया चौराहे पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने सिटी बस को पकड़ा है। बस के दस्तावेजों की जांच की तो न तो फिटनेस मिला और न ही परमिट, पीयूसी सर्टिफिकेट और बीमा। पुलिस ने दस्तावेज नहीं होने पर सिटी बस को जब्त कर लिया है। मामले में चालानी कार्रवाई कर कोर्ट भेजा गया है।

सागर में सिटी बसों का संचालन शुरू किया गया था लेकिन कुछ महीनों से शहर में सिटी बसों का आमजनता के लिए संचालन बंद है। ऐसे में सिटी बस संचालित करने वाली कंपनी बसों को निजी और अन्य कार्यक्रमों में संचालित कर रही है।

इसी बीच यातायात पुलिस को शिकायत मिली कि शहर में दौड़ रही सिटी बसों के दस्तावेज नहीं है। नियमों का उल्लंघन कर बसों का संचालन किया जा रहा है। इसी के तहत यातायात पुलिस ने मकरोनिया चौराहे पर चेकिंग के दौरान सिटी बस को रोका। ड्राइवर से बस के दस्तावेज मांगे।



एसआई हेमंत पटेल ने बताया कि जांच के दौरान सिटी बस क्रमांक एमपी 15 जेडसी 8819 के दस्तावेज होना नहीं पाए गए। बस बगैर परमिट, फिटनेस, बीमा और पीयूसी सर्टिफिकेट के संचालित हो रही थी। ऐसे में कार्रवाई करते हुए बस को जब्त कर थाने में खड़ा कराया गया है।

मामले में बस ड्राइवर को 25 हजार रुपए के समन शुल्क की पेंडिंग रसीद काटकर न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। केस बनाकर कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

---

#### ग्वालियर व्यापार मेले में पेड़ से लटका मिला शव

## युवक की पहचान नहीं हो सकी, लाश पुरानी होने का अंदेशा; जांच में जुटी पुलिस



**ग्वालियर ■ निसं**

ग्वालियर के व्यापार मेला परिसर में एक पेड़ पर युवक का शव फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही गोले का मंदिर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू की। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक व्यापार मेला परिसर के अंदर बाल रेल सेक्शन के पास एक पेड़ पर युवक की लाश लटकी दिखाई दी। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा कार्रवाई की।

पुलिस का कहना है कि शव की स्थिति को देखते हुए लाश करीब तीन दिन पुरानी प्रतीत हो रही है। इससे आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत कुछ दिन पहले ही हो चुकी थी।

प्रारंभिक जांच में युवक की मौत फंदे पर लटकने से होना सामने आया है। हालांकि यह आत्महत्या है या इसके पीछे कोई अन्य कारण, इसको लेकर पुलिस फिलहाल कुछ भी कहने से बच रही है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मृतक की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव के पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिले हैं। पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाल रही है। साथ ही सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से भी युवक की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

---

#### लोक अदालत में काउंटर नहीं लगने से विद्युत विभाग और नगर पालिका के मकान टैक्स जमा करने वाले लोग परेशान नजर आए

# लोक अदालत का उद्देश्य समाज में फैली वैमनस्यता को दूर करके लोगों के मनमुटाव को समाप्त करना है-न्यायाधीश तबस्सुम खान

**सिवनी मालवा ■ निसं**

शासन द्वारा लोक अदालत का आयोजन लोक हित मे करके समाज मे फैली वेमनस्यता को दूर करके लोगो के मनमुटाव को समाप्त कर आपसी भाईचारा स्थापित करना है। उक्त बात जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान ने न्यायालय परिसर मे साल की अंतिम आयोजित नेशनल लोक अदालत के अवसर पर कही न्यायाधीश श्री मती खान ने कहा कि जब तक किसी भी प्रकरण का न्यायालय में निराकरण नही होता है तब तक प्रकरण समाप्त नही हो पाता है। इसीलिए लोक अदालत में समझौता उपरांत पक्षकारों की सहमति से प्रकरणो का निराकरण किया जाता है। लोक अदालत में निराकृत प्रकरणो की अपील नही होती है। चेक बाउंस के मामलो में समझौता उपरान्त पक्षकार द्वारा जमा किया गया न्याय शुल्क उसे वापस मिल जाता है। राशी अदायगी वाले प्रकरणो में पक्षकारो को ब्याज की राशि में उनकी सहमति से छूट प्राप्त हो जाती है।



लोक अदालत के लिए सभी अधिवक्ता गणो नगरपालिका आदि ने बहुत प्रचार किया है। इसी का परिणाम रहता है कि लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणो का निराकरण होता है। उन्होंने कहा कि प्रीलिटिगेशन के मामलो मे संस्थाए राजीनामा कर प्रकरणो का निराकरण करे। कार्यक्रम को न्यायाधीश सरोज डेहरिया, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेश मिश्रा, विकास पाठक ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती एवं महात्मा गांधी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर और फूलमाला अर्पित कर न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान, सरोज डेहरिया, अंजली अग्रवाल, राजेश मिश्रा ने किया।

10 साल से चल रहे जीजा साले के विवाद में समझौता हुआ। न्यायालय मे पिछले 10 साल से जीजा साले के मध्य चल रहे चेक विवाद मे अपने अधिवक्ता अजीत राजपूत एवं विनय सिम्पी द्वारा दी गयी समझाइस के बाद आपस मे राजीनामा किया। जिला एवं सत्र न्यायालय मे समझौता उपरान्त प्रकरण का निराकरण किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती खान के न्यायालय मे दोनो ने एकदूसरे को फुल माला पहनाकर अपने गिले शिकवे भुला दिये। वही न्यायाधीश श्री मती खान ने दोनो को पौधा देकर उसके पोषण के लिए कहा।

## संक्षिप्त समाचार

### नेशनल टाइगर पार्क में अब बैटरी और इलेक्ट्रिक वाले वाहन ही चलेंगे

**भोपाल ।** जंगलों की हवा भी जीवाश्म ईंधन (पेट्रोल-डीजल) से चलने वाले वाहनों के कारण प्रदूषित हो रही है। यहां भी एआईक्यू लेवल खतरनाक स्तर पर ना पहुंच पाए, इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कवायद शुरू हो गयी है। टाइगर रिजर्व और संरक्षित वनों में अब जीवाश्म ईधन से चलने वाले वाहन प्रतिबंधित होंगे। यहां तक कि टाइगर सफारी और सैलानियों को जंगल घुमाने वाले वाहन भी जीवाश्म ईधन से चलने वाले नहीं होंगे। अब ऐसे वनों में वनविभाग धीरे-धीरे बैटरी से चलने वाले इलेक्ट्रिक वाहन चलाने की कवायद में जुट गया है। सफारी में चलने वाली जिप्सी भी अब संरक्षित वनों में नहीं चल सकेंगी, उनकी जगह पर सफारी के लिए बैटरी वाले वाहन चलाए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में पहले ही आदेश कर चुका है कि संरक्षित वन क्षेत्रों में एआईक्यू लेवल अच्छा बनाए रखने और ईको टूरिज्म को बढावा देने के उद्देश्य से जीवाश्म ईधन से चलने वाले सभी तरह के वाहनों पर सख्ती से रोक लगाई जाए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस कवायद के लिए तत्काल लागू करने की जगह सिलसिलेवार लागू करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश वन विभाग ने फैसला लिया है कि संरक्षित वनों खासकर टाइगर रिजर्व में चलने वाली जंगल सफारी में पेट्रोल से चलने वाली जिप्सी धीरे-धीरे हटा दी जाएंगी।

### आईएसआई के निशान पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान

**भोपाल ।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान की सुरक्षा बढ़ाई गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को मिले इनपुट के बाद शुक्रवार देर रात भोपाल और दिल्ली-दोनों जगह उनकी सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा किया गया। भोपाल में 74 बंगला स्थित बी-8 आवास के चारों तरफ पुलिस ने अतिरिक्त बैरिकेडिंग की। वहीं दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। शिवराज पर पाकिस्तान के की खुफिया एजेंसी ढ्ढस्ढ्ढ की ओर से दिलचस्पी दिखाने की जानकारी मिली है। सुरक्षा बढ़ाने को लेकर जारी गृह मंत्रालय के पत्र के मुताबिक केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बारे में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने जानकारी हासिल करने में दिलचस्पी दिखाई है। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी की सलाह से केंद्रीय मंत्री की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई है। पत्र में कहा गया है कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अपनी सुरक्षा व्यवस्था को उचित रूप से समायोजित करें। जेड प्लस मिलने के बाद भी अतिरिक्त सुरक्षा शिवराज सिंह चौहान पहले से ही जेड+ श्रेणी की सुरक्षा में हैं। इसके बावजूद गृह मंत्रालय को नए इनपुट मिलने के बाद केंद्र ने एमपी डीजीपी, दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त (सुरक्षा) और एमपी के मुख्य सचिव को सुरक्षा पुख्ता करने का निर्देश भेजा है। इनपुट मिलने के तुरंत बाद स्थानीय पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने दोनों शहरों में चौहान की सुरक्षा रिंग को मजबूत किया है। शुक्रवार देर रात भोपाल बंगले के बाहर सुरक्षा बढ़ी हुई देखी गई।

### भोपाल की एसआईआर प्रक्रिया में और 35 हजार मतदाताओं के कटे नाम

**भोपाल ।** राजधानी में पिछले 39 दिनों से जारी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआइआर) प्रक्रिया के दौरान अब तक 4 लाख 43 हजार 633 मतदाताओं के नाम कटना तय हो गया है। ये नाम मृत, शिफ्टेड, अनुपस्थित, डबल एंट्री और अन्य श्रेणियों में पाए गए हैं। वहीं नो-मैपिंग वाले मतदाताओं की संख्या घटकर 1 लाख 35 हजार 765 रह गई है। जिले में सीधे तौर पर नाम काटने के आंकड़े को लेकर शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग के आब्जर्वर और ज्वाइंट सेकेटरी ब्रजमोहन मिश्रा ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से बात की। उन्होंने सभी प्रमुख राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि भोपाल में काटे जा रहे मतदाताओं के नामों को लेकर बीएलओ से वेरिफाई करा लिया जाए। जिसके बाद आब्जर्वर उत्तर के खानूगांव और दक्षिण पश्चिम के पालेटेक्निक मतदान केंद्र पर बीएलओ का काम देखने पहुंचे। हालांकि उन्हें नरेला, मध्य, गोविंदपुरा और हुजूर की विधानसभाओं में भी बीएलओ का काम देखने जाना था, लेकिन वह छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो गए। 7 दिसंबर को राजधानी की 7 विधानसभा क्षेत्रों में एसआइआर का कार्य 100 प्रतिशत पूरा घोषित किया गया था। उस समय अनकलेक्टेबल श्रेणी में 4 लाख 8 हजार 106 मतदाताओं के नाम हटाने प्रस्तावित थे, लेकिन नो-मैपिंग के बाद यह संख्या बढक़र 4 लाख 43 हजार 634 हो गई। इस प्रकार पांच दिनों में 35 हजार 528 नए नाम हटाने की सूची में जुड़ गए। आब्जर्वर ने बताया कि चुनाव आयोग के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब मतदाता अपने गणना पत्रक 18 दिसंबर तक जमा कर सकेंगे।

---

### एम्स में पहला असिस्टिव हेल्थ टेक्नोलॉजी हैकाथॉन

# नवाचार के माध्यम से जीवन बदलने की दिशा में बड़ा कदम

भोपाल ■ निसं

एम्स भोपाल ने स्वास्थ्य तकनीक के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और विकलांगजन व वृद्धजन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपना पहला असिस्टिव हेल्थ टेक्नोलॉजी मेड-टेक हैकाथॉन 2025 आयोजित किया। यह आयोजन आईसीएमआर और एनसीएएचटी, एम्स नई दिल्ली के सहयोग से स्थापित इंटर-एम्स कोलैबोरेशन-कोलैबोरेटिंग सेंटर फॉर असिस्टिव हेल्थ टेक्नोलॉजी (सीसीएएचटी) के तहत किया गया।



**भारत और विश्व में असिस्टिव हेल्थ टेक्नोलॉजी की बढ़ती जरूरत:** कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि दुनिया भर में 2.5 अरब से अधिक लोगों को किसी न किसी असिस्टिव प्रोडक्ट की आवश्यकता है, जबकि लगभग एक अरब लोग अब भी इन तकनीकों तक पहुंच से वंचित हैं। भारत में भी बड़ी संख्या में दिव्यांगजन और तेजी से बढ़ती वृद्ध आबादी किफायती असिस्टिव हेल्थ टेक्नोलॉजी की मांग को बढ़ा रही है, परंतु आयातित उत्पादों की ऊंची लागत और सीमित स्थानीय उत्पादन इस आवश्यकता को पूरा नहीं कर पा रहे।

**स्वदेशी असिस्टिव टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने का प्रयास:** उपलब्धता और वहनीयता के अंतर को कम करने के लिए सीसीएएचटी एम्स भोपाल ने 10 दिसंबर 2025 को पहला असिस्टिव टेक्नोलॉजी कॉफ़ी टेबल मेड-टेक हैकाथॉन आयोजित किया। इस हैकाथॉन में देशभर से आए प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत नवाचारों में से 12 परियोजनाओं का चयन किया गया, जिन पर अब डिजाइन, प्रोटोटाइप और परीक्षण के स्तर पर गहन कार्य होगा। ये प्रोजेक्ट विकलांगजनों की वास्तविक चुनौतियों जैसे चलने-फिरने, संवाद, सीखने, देखभाल और दैनिक गतिविधियों को आसान बनाने के लिए विकसित किए जा रहे हैं।

**भारत-केंद्रित समाधान का लक्ष्य:** एम्स भोपाल की यह पहल युवाओं, स्टार्टअप्स, शोधकर्ताओं और तकनीकी विशेषज्ञों को समाज उन्मुख नवाचारों के लिए प्रेरित करती है। सीसीएएचटी का उद्देश्य है किफायती और टिकाऊ असिस्टिव टेक्नोलॉजी विकसित करना, आयात पर निर्भरता घटाना, भारत की आवश्यकताओं के अनुरूप समाधान तैयार करना और वैश्विक असिस्टिव हेल्थ टेक्नोलॉजी परिदृश्य में भारत की भूमिका को मजबूत बनाना

**लाखों लोगों के जीवन में बदलाव का संकल्प:** एम्स भोपाल ने अपने पहले असिस्टिव हेल्थ टेक्नोलॉजी हैकाथॉन के जरिए यह संकेत दिया है कि संस्थान न केवल चिकित्सा सेवाओं में उत्कृष्टता ला रहा है बल्कि समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य नवाचारों के माध्यम से लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में निर्णायक कदम भी उठा रहा है। यह पहल आने वाले वर्षों में देश में असिस्टिव हेल्थ टेक्नोलॉजी के नए अध्याय की नींव रखेगी।

#### असिस्टिव हेल्थ टेक्नोलॉजी क्यों जरूरी है?

कार्यक्रम के दौरान यह संदेश भी स्पष्ट रूप से सामने आया कि विकलांगता (डिसएबिलिटी) और हैंडीकैप एक ही चीज नहीं हैं। विकलांगता व्यक्ति में मौजूद किसी कमी को दर्शाती है। जबकि हैंडीकैप वह बाधा है जो सामाजिक या पर्यावरणीय कारणों से उत्पन्न होती है। जब तक तकनीकी सहायता उपलब्ध नहीं होती, तब तक वही सीमाएं व्यक्ति की भागीदारी में रुकावट बन जाती हैं। असिस्टिव हेल्थ टेक्नोलॉजी जैसे मोबिलिटी एड्स, प्रोस्थेटिक्स, ऑर्थोटिक्स, संचार उपकरण, संवेदी डिवाइस, डिजिटल हेल्थ सॉल्यूशन और एआई आधारित तकनीक इन बाधाओं को कम करके स्वतंत्रता, आत्मसम्मान और समान अवसर सुनिश्चित करती हैं।

---

### एमएससी नर्सिंग प्रवेश मामले में हाईकोर्ट सख्त

# एमपी में नर्सिंग में हजारों सीटें खाली लेकिन कौंसिल प्रवेश प्रक्रिया नहीं करवा रहीं - रवि परमार

#### नर्सिंग काउंसिल को 15 दिसंबर को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश

भोपाल ■ निसं

मध्यप्रदेश में नर्सिंग काउंसिल की प्रवेश प्रक्रिया को लेकर एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार लंबे समय से सवाल खड़े कर रहें पहले भी प्रवेश परीक्षा देने से उनको रोक दिया गया था, फिर हाईकोर्ट के निर्देश के बाद परीक्षा में शामिल हो पाएं थे। लेकिन अब फिर रवि परमार को प्रवेश प्रक्रिया को लेकर हाईकोर्ट जाना पढ़ा। याचिकाकर्ता रवि परमार एवं अन्य द्वारा दायर याचिका पर उच्च न्यायालय में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय ने पक्ष रखा और एमएससी नर्सिंग प्रवेश प्रक्रिया में हो रही अनियमितताओं की ओर न्यायालय का ध्यान आकर्षित किया। उच्च न्यायालय ने एमएससी नर्सिंग प्रवेश प्रकरण को गंभीर मानते हुए मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल के अधिवक्ता को 15 दिसंबर को न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए। साथ ही न्यायालय ने यह महत्वपूर्ण बिंदु भी रेखांकित किया कि परिषद द्वारा पोस्ट बीएससी एवं एमएससी नर्सिंग की काउंसलिंग हेतु समय-सारणी तो जारी की गई है, लेकिन संबंधित वेबसाइट कार्यरत नहीं है, जिससे पात्र अभ्यर्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने निर्देश दिए कि भोपाल स्थित मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल के अधिवक्ता अभिजीत अवस्थी, जो वर्तमान में अवकाश पर बताए गए हैं, व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर यह स्पष्ट करें कि यदि वे कार्यरत हैं, तो एमएससी नर्सिंग में प्रवेश की समय-सीमा बढ़ाने के लिए क्या व्यवस्था की गई है।




#### एडमिशन प्रक्रिया को लेकर सर्वोच्च न्यायालय दे चुका है निर्देश

अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय के अनुसार सुनवाई के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि दिसंबर 2025 में मध्य प्रदेश नर्स पंजीकरण परिषद के रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा भारतीय नर्सिंग परिषद को पत्र प्रेषित कर एस.एल.पी. संख्या 29570/2025 के संबंध में उत्तर दिया गया था। उक्त पत्र में उल्लेख है कि 3 दिसंबर 2025 के आदेश द्वारा सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि भारतीय नर्सिंग परिषद प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित उम्मीदवारों के प्रवेश में कोई बाधा उत्पन्न न करे। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 तक बढ़ाई गई है, तथा पत्र के पैरा-3 में यह स्पष्ट किया गया है कि ये निर्देश केवल मध्य प्रदेश राज्य में प्रवेश के संदर्भ में लागू होंगे। इस पर उच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया कि जब सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तिथि 31/12/2025 तक बढ़ाई गई है, तो एमएससी नर्सिंग को इससे अलग क्यों रखा गया है?

#### आईएनसी की और से पेश होने वाले अधिवक्ता को भी याचिका की प्रति भेजे

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में यह भी उल्लेख किया गया कि आमतौर पर भारतीय नर्सिंग परिषद की ओर से विद्वान अधिवक्ता मोहन सौसरकर न्यायालय में प्रस्तुत होते हैं। न्यायालय ने निर्देश दिए कि याचिका की प्रति, संबंधित पत्राचार सहित, मोहन सौसरकर को भेजी जाए, ताकि वे परिषद से निर्देश प्राप्त कर न्यायालय के समक्ष स्थिति स्पष्ट कर सकें। इसके अतिरिक्त न्यायालय को यह भी अवगत कराया गया कि मध्य प्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल द्वारा पीबीबीएससी नर्सिंग एवं एमएससी नर्सिंग की काउंसलिंग हेतु एक अस्थायी समय-सारणी जारी की गई है, किंतु परिषद की वेबसाइट पूरी तरह से गैर-कार्यशील है।

---

### पमरे में आठ माह में गंदगी फ़ैलाने वालों से 24 लाख 82 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला

भोपाल ■ निसं

पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल सहित जबलपुर एवं कोटा तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों पर स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। मण्डलों के रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को जागरुक भी किया जाता है। इसके अंतर्गत यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने के लिए जागरूक किया जाता है।

बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है। पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से नवम्बर कुल आठ माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 12,550 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 24 लाख 82 हजार 940 रूपये जुर्माना वसूला गया।

अकेले नवम्बर माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 1331 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 02 लाख 70 हजार 850 रूपये जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा जुर्माने के साथ साथ ऐसे लोगों को समझाईश भी दी जाती है। साथ ही गंदगी से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए स्टेशन परिसर स्वच्छ रखने के लिए अनुरोध भी किया जाता है। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि रेलवे आपकी अपनी संपत्ति है, रेल परिसर में कृपया गंदगी न फैलाएं। स्टेशन का वातावरण स्वच्छ, सुंदर रखने में रेल प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहभागी बनें। गंदगी करने वालों के विरुद्ध आगे भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

---

### तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियो की तलाश जारी

# ओजी गांजा सहित एक तस्कर गिरफ्तार, दो लाख का माल जप्त

भोपाल ■ निसं

राजधानी की क्राइम ब्रांच टीम ने ओ.जी. गांजा तस्करी करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्यवाही के दौरान उसका साथी मौका पाकर फरार हो गया। पकड़े गये तस्कर के पास से ओ जी गांजा, दोपहिया वाहन, मोबाइल सहित 2 लाख 15 हजार का माल जप्त किया गया है। एडीसीपी क्राइम ब्रांच शैलेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया की मुखबिर से सूचना मिली कि मीनाक्षी प्लानेट सिटी कॉलोनी, कटारा हिल्स के पास एक संदिग्ध युवक ओ.जी. गांजा लेकर खड़ा है, और उसके उसे ठिकाने लगाने के लिये ग्राहक का इंतजार कर रहा है। खबर मिलते ही टीम ने मौके पर घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ पर उसकी पहचान सुभाष परमार पिता पर्वत



सिंह परमार (21), निवासी राम मंदिर के पास, ग्राम रतनपुर, मिसरोद के रुप में हुई। उसकी तलाशी लेने पर 11 छोटी-छोटी पन्नियों में रखा 10.28 ग्राम ओ.जी. गांजा बरामद किया गया। टीम ने आरोपी का मोबाइल और गांजा तस्करी में की गई बाइक भी जप्त कर ली। अधिकारियो ने बताया की पूछताछ के दौरान आरोपी से गांजा बेचने और खरदीने वाले अन्य आरोपियो के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। जिसके आधार पर तस्करी से जुड़े अन्य आरोपियो की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपी सुभाष के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओ में मामला कायम कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सुभाष परमार के खिलाफ थाना मिसरोद में एक अपराधिक प्रकरण पूर्व से दर्ज है।

**क्या होता है ओ.जी. गांजा:** ओजी गांजा का मतलब आमतौर पर ओरिजनल गैंग्सटर या ओरिजनल से होता है, जो गांजे की एक खास और उच्च गुणवत्ता वाली किस्म को दर्शाता है। गांजे की यह किस्म अपने शक्तिशाली प्रभाव और खास स्वाद के लिए जानी जाती है। यह उस मूल और प्रामाणिक स्ट्रेन का एक शुद्ध रूप है, जो गांजा की दुनिया में गुणवत्ता और शक्ति का प्रतीक है।

### बाइक से गिरकर युवक की मौत

**भोपाल।** कोलार थाना इलाके में बीती देर रात बाइक से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। बाद में गुस्साये युवक के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा कर दिया और बिना पीएम कराए शव को अपने साथ लेकर चले गए। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार कोलार झुग्गी बस्ती में रहने वाला निखिल पुत्र ग्यारासीलाल (21) प्रायवेट नौकरी करता था। बीती रात वह खुद की बाइक से गिरने से घायल हो गया था। परिवार और परिचित उसे अस्पताल के लिये लेकर पहुंचे वहॉ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इससे गुस्सा होकर बड़ी संख्या में मृतक के परिवार वाले मोहल्ले वालो ने हंगामा कर दिया। सूचना पर पहुंचने पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाइश देते हुए कहा की मृतक की पीएम रिर्पोट में उसकी मौत का कारण साफ हो जायेगा जिसके आधार पर उचित कार्यवाही की जायेगी।

### विधानसभा में घुसकर चंदन का पेड़ काटने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

भोपाल ■ निसं

अरेरा हिल्स थाना पुलिस ने विधानसभा में घुसकर चंदन का पेड़ काटने वाले तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बीती 4 दिसंबर 25 को फरियादी कैलाश गिन्नौरे सहायक सुरक्षा अधिकारी म.प्र. विधानसभा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, कि विधानसभा के पश्चिमी द्वार के पास अंबेडकर मूर्ति एवं मंदिर परिसर के बीच खडे हुये चंदन के पेड को 3-4 दिसंबर की रात को अज्ञात आरोपियो द्वारा काटा गया है।

शिकायत मिलने पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर आरोपियो का सुराग जुटाने के लिये थाना अरेरा हिल्स और एमपी नगर की संयुक्त टीम बनाई गई। टीम ने घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज, संदेही आरोपियो की मोबाईल लोकेशन, सीडीआर सहित अन्य तकनीकी बिंदुओ की बारीकी



से पड़ताल की। आाखिरकार टीम ने संदेहियो की पहचान जुटाई जो ग्राम हकीपुर थाना जावरा जिला सीहोर और हाऊसिंग बोर्ड कालोनी व मेवाती डेरा निशातपुरा भोपाल के निकले। इसके बाद टीम ने घेराबंदी कर आरोपी अनीस खान पिता बाबू खान (23) निवासी ग्राम बर्रई थाना कटारा हिल्स, सादिक खां पिता छोटे खां (23) निवासी ग्राम हकीमपुर थाना जावर जिला सीहोर और

असलम पिता भाल खां मेवाती (52) निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी निशातपुरा को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियो ने विधानसभा परिसर में घुसकर पेड़ काटने की बात स्वीकार की।

---

### जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

# खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं प्रदान करने की कार्ययोजना बनाए- मंत्री कुशवाह

भोपाल ■ निसं

13 दिसम्बर 2025/प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री एवं शाजापुर जिला के प्रभारी नारायन सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष शाजापुर में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई।




बैठक में प्रभारी मंत्री कुशवाह ने समृद्ध भारत, विकसित भारत, स्वस्थ्य भारत, आत्म निर्भर भारत के लिये सशक्त योजना बनाने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि जिले के खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं मिले, इसके लिए कार्य योजना तैयार करें। मंत्री कुशवाह ने भोपाल के बडे तालाब अनुसार जिले की चिल्लर नदी में मिलने वाले नालों के पानी को पृथक प्रबंध कर नदी की सफाई एवं सोन्दर्यीकरण करवाकर नोका पर्यटन विकसित करने के निर्देश दिये। उन्होंने उद्यानिकी विभाग को फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र जैसे प्याज, लहसुन पाउडर आदि फसलों के लिये किसानों को प्रोत्साहित एवं प्रेरित करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने जिले के विकास, विभिन्न विकास कार्यों सोंदर्यकरण, मंदिर जीर्णोद्वार, जन सुविधाओं के लिए जन कल्याणकारी कार्ययोजना, मरीजों, महिलाओं के लिये बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये।

मंत्री कुशवाह ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों द्वारा सेवानिवृत्ति उपरांत विद्यालयों में स्मार्ट टी.वी आदि उपकरण देने वाले शिक्षकों का सार्वजनिक रूप से मंच पर सम्मानित करने के निर्देश दिये। साथ ही विकास समिति के सदस्यों को शहर के विकास के लिये योजना तैयार करने के निर्देश भी दिये गये।

बैठक में शाजापुर विकास यात्रा वर्ष-2023 से 2025 तक की विभागवार उपलब्धियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। साथ ही मंत्री कुशवाह ने शाजापुर विकास यात्रा वर्ष-2023 से 2025 तक पुस्तक का विमोचन किया।

इस अवसर पर विधायक अरूण भीमावद, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, कलेक्टर सु ऋजु बाफना, सांसद प्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ मती अनुपमा चौहान, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

### साथ में शराब पीने के दौरान हुए विवाद में युवक की डंडा मारकर हत्या

■ घायल हालत में मृतक सो गया था सड़क पर, सुबह मृत मिला
■ पीएम रिपोर्ट में हुआ खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

भोपाल ■ निसं

कमला नगर इलाके में टेंट हाउस में ड्रायवरी करने वाले युवक की उसके साथी ने डंडे से मारकर हत्या कर दी। आरोपी ने पुलिस को बताया कि मृतक और वह दोस्त थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। थाना पुलिस के अनुसार 36 वर्षीय कैलाश यादव ड्रायवरी था, और निजी वाहन चलाता था। मोहल्ले में ही रहने वाले राहुल बाडेकर से उसकी दोस्ती थी। राहुल शादी-विवाह समारोह के तंदूर लगाने का काम करता था। दोनों को शराब पीने का शौक था, और वह अक्सर ही साथ में बैठकर शराब पीते थे। बीती 9 नवंबर टेंट हाउस में संचालक का जन्मदिन था। जहां टेंट हाउस के कर्मचारियों ने पार्टी करने के बाद शराव भी पी थी। शराब पीने के दौरान कैलाश का दूसरे कर्मचारी राहुल से विवाद हो गया था। विवाद के दौरान गुस्साये कैलाश ने राहुल को पास पड़ी लकड़ी उठाकर मार दिया था। इससे गुस्सा होकर राहुल ने कैलाश की डंडे से पिटाई कर दी थी। बाद में बीच-बचाव और समझाइश के बाद झगड़ा शांत हो गया था। बाद में कैलाश घर ना जाते हुए सड़क पर ही सो गया था, बाद में एक रहगीर ने उसे सड़क पर बेहोशी की हालत में पड़ा देख पुलिस के साथ 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस उसे लेकर अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## अनमोल वचन

नर हो न निराश करो मन को। कुछ काम करो, कुछ काम करो। जग में रहकर कुछ नाम करो?
**मैथिलीशरण गुप्त**

सब प्राचीन अच्छा और सब नया बुरा नहीं होता। बुद्धिमान पुरुष स्वयं परीक्षा द्वारा गुण-दोषों का विवेचन करते हैं।
**कालिदास**

## सम्पादकीय

### ममता दीदी के बगावती तेवर, आर-पार की लड़ाई

*भारत की राजनीति में जब-जब केंद्र और राज्यों के बीच टकराव की स्थिति बनती है, तब ऐसे समय में लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। ताजा मामला पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का है। जिन्होंने एसआईआर फॉर्म भरने से इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा, कि उनका जन्म भारत में हुआ है। वह कई बार सांसद रह चुकी हैं। केंद्रीय मंत्री रह चुकी हैं। वर्तमान में मुख्यमंत्री हैं। उन्हें अपनी नागरिकता प्रमाणित करने की कोई जरूरत नहीं है। बगावती तेवरों के साथ अब वह दिल्ली में धरने के रूप में आर-पार की लड़ाई लड़ने की तैयारी में हैं। ममता दीदी का यह कदम चुनाव आयोग की एसआईआर की कार्यवाही को नकारने का मामला नहीं है। इसके पीछे गहरे राजनीतिक नागरिक स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों के सवाल छिपे हुए हैं। ममता बनर्जी पिछले कई वर्षों से केंद्र सरकार की नीतियों और निर्णयों को चुनौती देती रही हैं। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल सरकार के साथ आर्थिक एवं राजनीतिक लड़ाई लड़ने का कोई मौका नहीं छोड़ा है। फिर चाहे मनरेगा के मजदूरों का मामला हो, या किसानों का मामला हो, सब में पश्चिम बंगाल की उपेक्षा की गई है। केंद्र सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार के साथ आर्थिक भेदभाव भी किया गया है। ममता दीदी के सिर के ऊपर से पानी गुजर गया है। इस बार उनका तेवर और तीखा है। एसआईआर फॉर्म न भरना सीधे तौर पर चुनाव आयोग और केंद्र सरकार के खिलाफ बगावत का बिगुल बजाना है। इसमें वह अब आम जनता को भी शामिल करने जा रहीं हैं। जिनके वोट काटे जाएंगे वह भी आक्रामक तरीके से इसका विरोध करने दिल्ली और पश्चिम बंगाल के सभी जिलों में आंदोलन के लिए एकजुट हो सकते हैं। यह संकेत देता है, ममता बनर्जी ने जांच एजेंसियों और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करते हुए विद्रोही तेवर में आ गई हैं। उनके मुताबिक, एसआईआर फॉर्म महज एक चुनावी प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक दबाव बनाने और गड़बड़ी करके चुनाव जीतने का औजार बन चुका है। ममता बनर्जी का यह धरना केंद्र और राज्य के संबंधों में बढ़ती खाई से जोड़कर देखा जा रहा है। दिल्ली में धरना देने का निर्णय साधारण विरोध नहीं है। यह उस राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है, जिसमें ममता बनर्जी अपने अस्तित्व के संघर्ष को राष्ट्रीय स्तर पर उठाना चाहती हैं। 2024 के बाद के राजनीतिक माहौल में इंडिया गठबंधन में ममता बनर्जी शामिल नहीं थीं। विपक्ष बिखरा हुआ दिख रहा था। वर्तमान स्थिति में ममता बनर्जी को अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए विपक्षी एकता में अपने आपको सशक्त विपक्षी नेता के चेहरे के रूप में स्थापित करने का अवसर भी माना जा रहा है। दिल्ली का धरना उन्हें राष्ट्रीय मीडिया का मंच देगा। सवाल यह भी है, केंद्र सरकार और राज्यों के बीच में जिस तरह का टकराव लगातार बढ़ रहा है, वह लोकतंत्र के हित में है? केंद्र और राज्य दोनों का दायित्व है, वह संवैधानिक मर्यादाओं का पालन करें। पिछले कुछ वर्षों से जांच एजेंसियां राज्यपाल तथा केंद्र की आर्थिक नीतियों में राज्यों के साथ जो भेदभाव किया जा रहा है। केंद्र सरकार राजनीतिक हस्तक्षेप के आरोपों में घिरी है। जिन-जिन राज्यों में गैर भाजपाई सरकारें हैं, उन राज्यों के साथ केंद्र सरकार के संबंध ठीक नहीं हैं। जांच एजेंसियों और राज्यपालों के माध्यम से विपक्षी दलों की सरकारों को अस्थिर करने की प्रक्रिया पिछले कई वर्षों से चल रही है। चुनाव आयोग द्वारा, जिस तरह चुनाव प्रक्रिया का केंद्रीकरण किया गया है। चुनाव आयोग खुलकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में काम करता हुआ नजर आ रहा है। विपक्षी दलों की राज्य सरकारें केंद्र सरकार द्वारा जिस तरह के हमले किए जा रहे हैं, उसे अब राज्य सरकारें राजनीतिक हमला बताकर विरोध करने के लिए सड़कों पर उतर रही हैं। देश में कानून-व्यवस्था की स्थिति दिन-प्रतिदिन कमजोर होती जा रही है। संवैधानिक संस्थाओं के बीच टकराव बढ़ रहा है। अब तो इसके दायरे में न्यायपालिका भी आ रही है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जिस तरह से भाजपा के पक्ष में अलग और विपक्षी दलों के प्रति अलग रुख देखने को मिल रहा है। यह स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच जो टकराव देखने को मिल रहा है, इसका शीघ्र समाधान होना चाहिए। इस तरह के टकराव से स्थितियां खराब होंगी। संवाद और अपनी-अपनी सीमा रेखा पर रहकर समन्वय बनाने की जिम्मेदारी सभी राजनीतिक दलों की है। ममता बनर्जी का यह कदम, केंद्र के लिए एक बड़ा संदेश है। अति सर्वत्र वर्जयेत, भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए विपक्षी दलों को पूरी तरह से नेस्त-नाबूत करने की जो रणनीति पर काम किया है, ऐसी स्थिति में विपक्ष अब अपने अस्तित्व की रक्षा करने के लिए डू एंड डाई की स्थिति में आ गया है। विपक्ष अब चुप नहीं बैठेगा। यह बगावती तेवर आने वाले दिनों में राष्ट्रीय राजनीति को बगावत की ओर ले जाते हुए दिख रहे हैं। जिस तरह से महंगाई, बेरोजगारी और अन्य परेशानी आम लोगों को झेलनी पड़ रही हैं, उससे हर राज्य में आंदोलन बढ़ते चले जा रहे हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब हो रही है। अपराध बढ़ रहे हैं। हताशा में आत्महत्या करने की घटनाएं बढ़ती चली जा रही हैं। अधिकांश आबादी कर्ज के बोझ से दबी हुई है। ऐसी स्थिति में केंद्र सरकार, राज्य सरकार और सभी संवैधानिक संस्थाओं को अपनी जिम्मेदारी सजगता से पूरी करना होगी। जनता सब देख रही है, सब समझ रही है। ज्यादा दिन तक सपने नहीं दिखाए जा सकते हैं।*

## चिंतन-मनन

### दुखः भी सहें

आज स्थिति यह है कि महात्मा बनना तो सब चाहते हैं, पर उनके अनुरूप कार्यो से जी चुराते हैं। बलिदान करने के समय हिचकिचाते हैं, वे महान कैसे बन सकते हैं। बादशाह ने सुना, मेरे राज्य में स्थान-स्थान पर रामायण का पारायण हो रहा है। उसे झुंझलाहट हुई। वह कहने लगा-मेरे शासन में राम के गीत गाए जाएं ?सा क्यों? उत्तर !मिला-यहां हिन्दुओं की संख्या अधिक है। कुछ सोचकर बादशाह बोला, समुद्र में रहते हैं मगरमच्छ से वैर। मेरे राज्य में मेरी रामायण चलेगी। बादशाह ने वाकई में अनेक पण्डितों को बुलाकर अपनी रामायण बनाने का आदेश दे दिया, पंडित असमंजस में पड़ गए। करते भी क्या? आखिर उन्हें एक उपाय सूझा। कई दिन बीतने के बाद वे बादशाह के पास गए।

बादशाह- क्या मेरी रामायण तैयार हो गई?

पंडित- जहांपनाह! रामायण करीब-करीब पूरी होने वाली है पर एक बात अधूरी है उसके बिना रामायण पूरी नहीं होगी।

बादशाह- वह क्या है?

पंडित- रामायण में राम की पत्नी सीता को रावण चुरा कर ले गया था। आपकी कौन-सी बेगम को कौन चुरा कर ले गया!

बादशाह- (प्रोध में आकर) मेरी बेगम को क्यों ले जाए? टुकड़े-टुकड़े कर दो, ऐसी रामायण मुझे नहीं चाहिए। उसने नई रामायण बनवाने का विचार त्याग दिया।

कहने का आशय यह है कि आज भी प्राय: व्यक्ति अपनी रामायण (प्रशस्ति) चाहते हैं, पर कष्ट देखना, सहना कोई नहीं चाहता। महात्मा गांधी बनने को सब तैयार हैं, लेकिन गोली खाने के लिए कौन तैयार है?

# कश्मीर घुसपैठ की नई आहट और भारत की सुदृढ़ सुरक्षा रणनीति



कांतिलाल मांडोत

> *पिछले कुछ हफ्तों में नियंत्रण रेखा के पार तेजी से बढ़ती गतिविधियों ने भारत की सुरक्षा एजेंसियों को और अधिक सतर्क होने पर मजबूर कर दिया है। विश्व के सबसे संवेदनशील माने जाने वाले इस सीमाक्षेत्र में, इन दिनों घुसपैठ की संभावनाएं बढ़ी हैं और खुफिया एजेंसियों के अनुसार सौ से अधिक आतंकी भारत में घुसने की फिराक में हैं।*

कश्मीर एक बार फिर उसी चुनौतीपूर्ण मोड़ पर खड़ा दिखाई दे रहा है, जहां सीमापार से होने वाली हलचलें, आतंकी नेटवर्क की गतिविधियां और पाकिस्तान समर्थित संगठनों का दबाव सुरक्षा तंत्र पर व्यापक असर डालने की कोशिश कर रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में नियंत्रण रेखा के पार तेजी से बढ़ती गतिविधियों ने भारत की सुरक्षा एजेंसियों को और अधिक सतर्क होने पर मजबूर कर दिया है। विश्व के सबसे संवेदनशील माने जाने वाले इस सीमाक्षेत्र में, इन दिनों घुसपैठ की संभावनाएं बढ़ी हैं और खुफिया एजेंसियों के अनुसार सौ से अधिक आतंकी भारत में घुसने की फिराक में हैं। इनकी संख्या 110 से 120 के बीच बताई जा रही है, जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अलग-अलग लॉन्चपैड से लगातार गतिविधियां बढ़ा रहे हैं। इन संकेतों के बीच भारत ने भी अपनी तैयारियों को और पुख्ता किया है। सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता, सेना की रणनीतिक तैनाती, बीएसएफ की उन्नत निगरानी और स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय इन सभी ने मिलकर एक ऐसा सुरक्षा कवच तैयार किया है जो किसी भी घुसपैठ के प्रयास को सीमापार ही विफल करने के लिए प्रतिबद्ध है। कश्मीर के संवेदनशील भू-भाग में यह एक कठिन चुनौती तो है, लेकिन भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और बहु-परत सुरक्षा संरचना इस खतरे से निपटने के लिए पर्याप्त रूप से सक्षम दिखाई दे रही हैं।

सीमा पर इन दिनों कड़ी निगरानी के साथ कई तकनीकी साधनों का उपयोग बढ़ाया गया है। नाइट विज़न कैमरे, हाई-टेक ड्रोन, अत्याधुनिक थर्मल इमेजिंग सिस्टम, ग्राउंड सेंसर, लेजर अलार्म और रियल-टाइम मॉनिटरिंग से जुड़े आधुनिक उपकरण जवानों को हर हरकत पर बारीकी से नजर रखने में सहायता प्रदान कर रहे हैं। कश्मीर घाटी के पहाड़ी और घने जंगलों वाले क्षेत्र में, जहां मौसम और भौगोलिक स्थिति सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बनते रहे हैं, वहां भी तकनीक ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया है। इससे न केवल रात में होने वाली संभावित घुसपैठ की कोशिशें नाकाम हो रही हैं, बल्कि आतंकियों की आवाजाही से जुड़ी सूक्ष्म गतिविधियां भी तुरंत पकड़ में आ रही हैं।

जम्मू-कश्मीर में बीएसएफ ने वर्ष 2025 में अभी तक 118 पाकिस्तानी चौकियों को ध्वस्त किया है। यह संख्या इस बात का संकेत है कि सीमा पार की ओर से भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाली संरचनाओं को लगातार समाप्त किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर फ्रंटियर के आईजी शशांक आनंद ने स्पष्ट कहा है कि भारत सरकार ने शून्य घुसपैठ का लक्ष्य निर्धारित किया है और बीएसएफ इस लक्ष्य को साधने के लिए संपूर्ण क्षमता, सामरिक समझ और निरंतर अभियान चला रही है। यह केवल सुरक्षा कार्रवाई नहीं, बल्कि एक व्यापक संदेश है कि भारत किसी भी परिस्थिति में अपनी सीमाओं की अखंडता से समझौता नहीं करेगा।

भारत की सीमाओं के पार मौजूद आतंकी ढांचे को कई बार पाकिस्तान की ओर से प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन मिलता रहा है। नियंत्रण रेखा के पार बने लॉन्चपैड पर आतंकी गुटों की गतिविधियां पिछले कुछ हफ्तों में बढ़ी हैं। घुसपैठ के लिए अलग-अलग मार्गों की तलाश, खराब मौसम का लाभ उठाने की कोशिश और स्थानीय स्तर पर बने नेटवर्क को सक्रिय करने जैसे कई प्रयासों के बीच भारतीय सुरक्षा बलों ने भी गश्त बढ़ा दी है। गांवों, ऊंची चौकियों, कठिन पहाड़ी दर्रों और जंगलों में विशेष फील्ड यूनिट्स की तैनाती ने घुसपैठ की सभी संभावनाओं को सीमित कर दिया है। फोर्सेस को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी घुसपैठ की कोशिश को सीमा पार ही रोकना है।

डीआईजी विक्रम कुंवर ने भी 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत कई महत्वपूर्ण लॉन्चपैड और पेड़-आधारित छिपने के ठिकानों को नष्ट करने की जानकारी दी है। यह अभियान उन आतंकियों के लिए बड़ा झटका है जो प्राकृतिक आड़ में छिपकर भारतीय सीमा में घुसपैठ करते थे। पाकिस्तान समर्थित संगठनों द्वारा घाटी में आतंकी भेजने की साजिश नई नहीं, लेकिन भारत की रणनीति अब कहीं अधिक मजबूत, आक्रामक और तकनीकी रूप से दक्ष हो गई है। यही कारण है कि घुसपैठ के प्रयासों में तेजी आने के बावजूद सफल घुसपैठ की संख्या में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

घाटी में सुरक्षा का माहौल बनाए रखना केवल सीमापार निगरानी का मामला नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक सामरिक दृष्टिकोण का हिस्सा है। इसमें सीमा पर निगरानी के साथ-साथ आतंरिक सुरक्षा, स्थानीय पुलिस की सतर्कता, खुफिया जानकारी का त्वरित आदान-प्रदान और सेना-बीएसएफ-सीआरपीएफ व जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच समन्वय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बदलते सुरक्षा परिवेश और आतंकियों की नई रणनीतियों को देखते हुए भारत ने हर स्तर पर सुरक्षा ढांचा बहुस्तरीय बनाया है। यह केवल एक सैन्य आवश्यकता नहीं, बल्कि घाटी में शांति और विकास की निरंतर प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा है। कश्मीर के नागरिकों के सामने एक लंबा संघर्ष रहा है।आतंकवाद, अस्थिरता और सीमापार शत्रुता ने दशकों तक यहां की जनजीवन और विकास को प्रभावित किया। लेकिन हाल के वर्षों में स्थितियों में आए सकारात्मक बदलावों ने घाटी को नई दिशा दी है। इस दिशा को बनाए रखने के लिए घुसपैठ को रोकना सबसे बड़ी जरूरत है, क्योंकि आतंकवाद की जड़ें इसी घुसपैठ से मजबूत होती हैं। जितनी घुसपैठ कम होगी, उतना ही स्थानीय स्तर पर शांति का माहौल पनपेगा और विकास के मार्ग और अधिक खुलेंगे।

सीमापार से आने वाली चुनौतियों का जवाब केवल सीमा पर तैनात जवानों की बहादुरी या तकनीक की क्षमता ही नहीं, बल्कि यह भारत की सामरिक नीति की परिपक्वता भी है। सरकार का जीरो-इन्फिल्ट्रेशन का लक्ष्य इसी नीति का हिस्सा है।एक ऐसा लक्ष्य जो कठिन जरूर, लेकिन असंभव बिल्कुल नहीं। इसी दिशा में बीएसएफ, सेना और स्थानीय सुरक्षा एजेंसियां एकमत होकर काम कर रही हैं। सीमापार हलचल चाहे जितनी तेज हो, भारत की सुरक्षा व्यवस्था उसके लिए कई कदम आगे खड़ी दिखाई देती है।

घाटी में इन दिनों मौसम सर्द है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों की नजरें पहले से ज्यादा गर्म और सतर्क हैं। हर हरकत पर नजर रखने वाला सुरक्षा कवच यह संदेश देता है कि कोई भी आतंकी, कोई भी संगठन और कोई भी बाहरी ताकत कश्मीर की शांति को भंग करने में सफल नहीं होगी। सीमापार जितनी हलचल बढ़ेगी, उतनी ही मजबूती से भारत अपनी सीमा की रक्षा करेगा। यही नई सुरक्षा नीति का केंद्र है।पहले चेतावनी, फिर निगरानी और अंत में निर्णायक कार्रवाई।

कश्मीर के इस संवेदनशील समय में भारत ने अपनी तैयारी, इच्छाशक्ति और रणनीति के ज़रिए यह साफ कर दिया है कि अब घुसपैठ को केवल रोकना नहीं, बल्कि जड़ से समाप्त करना राष्ट्रीय लक्ष्य है। सीमा पर तैनात हर जवान, हर चौकी, हर कैमरा और हर तकनीकी व्यवस्था इसी लक्ष्य को केंद्र में रखकर काम कर रही है। पाकिस्तान समर्थित आतंकी भले साजिशें रचते रहें, लेकिन भारत की सीमाओं पर खड़ा सुरक्षा कवच पहले से कहीं अधिक मजबूत, सजग और अडिग है।

# हरिद्वार में जन्मे थे एक महान शिवभक्त मौनी बाबा !



डॉ. श्रीगोपाल नारसन

> *मौनीबाबा से मैं एक बार नही उनके ब्रह्मलीन होने से पहले कई बार मिला ।देश के जाने माने साहित्यकार डॉ योगेंद्र नाथ शर्मा अरुण ने जब से मौनीबाबा को मेरे बारे में बताया कि मैं हरिद्वार में 14 अगस्त सन 1942 को आजादी के आंदोलन में शहीद हुए जगदीश प्रसाद वत्स का भांजा हूं, तब से मौनी बाबा मुझसे बेहद स्नेह करने लगे थे ।उनकी मौन मुखर मुस्कुराहट मुझे मेरे अंतकरण तक को अजीब सी ठंडक पहुंचाती थी। लगता था जैसे मौनीबाबा का सनिदय अनवरत मिलता रहे।*

मुझे बचपन से ही अनेक संत साधु, महात्माओ, सद्पुरुषों, साध्वी, विदुषियों का आशिर्वाद मिलता रहा है, जिनमे महामंडलेश्वर से लेकर शंकराचार्य तक की गिनती की जा सकती है ।लेकिन जो चेहरे पर तेज और रूहानियत का साक्षात्कार मुझे ज्ञान मार्ग की राजयोगिनी 104 वर्षीय दादी जानकी व भक्तिमार्ग के मौन साधक 106 वर्षीय मौनीबाबा से मिलकर हुआ था, उसे शब्दो मे अभिव्यक्त कर पाना आज भी सम्भव नही है। मौनीबाबा से मैं एक बार नही उनके ब्रह्मलीन होने से पहले कई बार मिला ।देश के जाने माने साहित्यकार डॉ योगेंद्र नाथ शर्मा अरुण ने जब से मौनीबाबा को मेरे बारे में बताया कि मैं हरिद्वार में 14 अगस्त सन 1942 को आजादी के आंदोलन में शहीद हुए जगदीश प्रसाद वत्स का भांजा हूं, तब से मौनी बाबा मुझसे बेहद स्नेह करने लगे थे ।उनकी मौन मुखर मुस्कुराहट मुझे मेरे अंतकरण तक को अजीब सी ठंडक पहुंचाती थी ।लगता था जैसे मौनीबाबा का सनिदय अनवरत मिलता रहे ।परमात्मा शिव के परम उपासक मौनीबाबा के एक रुद्राभिषेक कार्यक्रम में मुझे शामिल होने का सौभाग्य मिला ।उस कार्यक्रम की आभा देखते ही बन रही थी। मौनीबाबा साक्षात रुद्र रूप में मुस्कुराते नज़र आ रहे थे ।यह सच है भी है कि अगर कोई मौन में रहे अर्थात बोलने में अपनी उर्जा खर्च न करे तो वह दिर्धायु और सदैव उर्जावान रहता है। साथ ही मौन में रहने के कारण ऐसे व्यक्तियों में व्यर्थ के विचार भी जन्म नही लेते। परिणाम स्वरूप ऐसा व्यक्ति सहज ही ईश्वर का सानिदय प्राप्त कर लेता है। ऐसी महान विभूति थी मध्य प्रदेश के उज्जैन नगरी के सन्त सदपुरूष मौनी बाबा, जो अपने जीवन के पांच दशको तक मौन में रहे और शिव अराधना करके तथा भगवान शिव की तपस्या में लीन रहकर जनकल्याण करते रहे ।इन्ही मौनी बाबा के कारण मौनी बाबा का शिप्रा तट पर बसा आश्रम एक धाम के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। जो लोग उज्जैन में भगवान भोलेनाथ महाकाल के दर्शन करने जाते है, वे मौनी बाबा के आश्रम आकर अपने जीवन के एक शतक से भी ज्यादा समय से प्रभु भक्ति में लीन रह रहे मौनी बाबा के दर्शन करना नही भूलते थे। हमेशा साधनारत होने के कारण मौनी बाबा के दर्शन करना सहज भी नही था। संसारिक दुनिया से दूर रहकर हर समय साधनारत रहने वाले मौनी बाबा शतायु होकर भी न सिर्फ तेजस्वी रहे बल्कि आध्यात्म की प्रतिमूर्ति भी रहे, लेकिन अपने भक्तों को समय समय पर आर्शीवाद देकर वे संसारिक लोगो को सन्मार्ग दिखाते रहे ।तभी तो उन्हे पूरी दुनिया गुरू के रूप देखती ,मानती और स्वीकारती रही है। शास्त्रों में गुरू शब्द के शाब्दिक अर्थ भारी को अपनी तपस्या से सिद्ध कर चुके मोनी बाबा आयु व चेहरे पर तेज की दृष्टि से आध्यात्मिक क्षेत्र में सिद्ध पुरूष रूप में प्रतिष्ठित हुए है। कहा भी गया है कि जो ज्ञान से भारी है,वह गुरू है और मौनी बाबा का ज्ञान स्वयं में एक ऐसा अथाह सागर है जिसकी थाह ले पाना भी आसान नही है। गुरू शब्द जिसके सामने लग जाता है उसे अन्यो से श्रेष्ठतम और विशिष्ठतम बना देता है। यथा गुरूत्वाकर्षण ,गुरूज्ञान आदि ,यही गुरु की महत्ता है ।चूंकि मौनी बाबा भी श्रेष्ठ महापुरूष रहे ।इसी कारण मौनी बाबा के नाम से मौनतीर्थ धाम प्रतिष्ठा सम्पन्न हुआ है।

वस्तुत: गुरू को ही विष्णु,गुरु को ही ब्रहमा और गुरु को ही महेश्वर कहा गया है। मौनी बाबा भी गुरु देवता तूल्य रहे है। मौनी बाबा की इस तुलना का अर्थ मात्र गुरू का महिमा मण्डन करना मात्र नही है। कई मायनो में मौनी बाबा भी ब्रहमा, विष्णु व महेश के समतूल्य कहे जा सकते है ।क्योकि मौनी बाबा ही थे जो अपने शिष्यो और अनुयायियों को ब्रहमा, विष्णु और महेश से मिलाने के लिए ,उन्हे आत्मसात करने का मार्ग बताते रहे। तभी तो प्रभु शरणम से पहले गुरू शरणम का प्रचलन है ।

अपने जमाने के युगप्रर्वक संत कबीर दास ने गुरू के सच्चे रूप और कार्य का वर्णन अपने एक दोहे में किया है। गुरू गोविन्द दोउ खडे काके लागू पाये,बलिहारी गुरू आपनो गोविन्द दियो बताए। यानि गुरू और गोविन्द दोनो खडे हो और पहले पैर किसके छूयें को लेकर संशय हो तो पहले गुरू के पैर छूने चाहिए क्योकि गुरू ही वह माध्यम है जो गोविन्द से मिलने का मार्ग बताता है। कई बार गुरू और अध्यापक को एक दूसरे का पर्याय मान लिया जाता है। परन्तु यह ठीक नही है। गुरू और अध्यापक एक नही हो सकते। अध्यापक अधिकाशत भौतिक विधाएं सिखाता है। लेकिन गुरू मनुष्य रूपी शिष्य को पूर्ण रूपेण विकास व समग्र कल्याण के लिए तैयार करता है। उसी प्रकार मौनी बाबा अपने भक्तों को शिवमय बनने का रास्ता दिखाकर अपने भक्तों पर उपकार करते रहे है। जो मौनी बाबा की सोच थी कि ,मनुष्य जीवन का उददेश्य है जीवन मरण के चक्र से निकलना और अपने कर्मो को भोगकर मोक्ष प्राप्त करना होता है। मोक्ष प्राप्ति की इस प्रक्रिया में गुरू की भूमिका बहुत बडी है। गुरू अच्छे बुरे का ज्ञान कराता है। साथ ही अनेक भौतिक विधाओं का ज्ञान देता है। गुरू ही वह व्यक्ति है जो सत्य और असत्य के बीच का अन्तर समझाकर अपने शिष्य को सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। जब तक मनुष्य अपने सभी कर्तव्यों को पूर्ण कर प्रभु प्राप्ति के पथपर अग्रसर नही होता, तब तक गुरू उसे निरंतर निर्देश देकर उसे अपने उददेश्य की सतत याद दिलाता रहता है ।ताकि शिष्य गुरू की इच्छा के अनुरूप जीवन के सन्मार्ग पर चलकर गुरू को अमरत्व प्रदान कर सके। वैदिक दर्शन में गुरू को एक चेतन देवता माना गया है। माता, पिता,पति, पत्नि,आचार्य इन सभी को चेतन देवता कहा गया है। मनुष्य के उपर इन पांचो देवताओं तथा जल, वायु ,अग्नि, वनस्पति आदि जड देवताओं का कर्ज होना माना गया है। आचार्य कर्ज मुक्ति के लिए उनके द्वारा दिये गए ज्ञान को जीवन में उतारना और दूसरो में बांटना जरूरी है।

## नेपाल भारत दोस्ती के रिश्ते में चीन की शरारत

**मनोज कुमार अग्रवाल**

हाल ही में नेपाल सरकारी करेंसी पर मुद्रित एक नक्शे ने भारत नेपाल संबंधों में तकरार पैदा की कोशिश की है। आप को पता है कि राजशाही के खात्मे के बाद नेपाल 2008 में गणतंत्र बना था और 2015 में नेपाल का संविधान लागू हुआ। इस दौरान चीन परस्त के।पी।शर्मा ओली 2 बार देश के प्रधानमंत्री बने। हालांकि वह एक बार भी अपना कार्यकाल पूर्ण नहीं कर पाए परंतु इस दौरान उन्होंने भारत विरोधी रवैया ही अपनाए रखा ।नेपाल के सेंट्रल बैंक ने गुरुवार (27 सितंबर) को 100 रुपए का नया नोट जारी किया है। इस नोट को जारी करते ही भारत और नेपाल के बीच एक नया सीमा विवाद खड़ा हो गया। दरअसल इस नोट में नेपाल का बदला हुआ मैप छपा है। इस मैप में भारत और नेपाल के बीच विवादित कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा इलाके नेपाल की सीमा में दिखाए गए हैं। इस नोट पर छपे नक्शे को लेकर भारत ने इसे ऑर्टिफीशियल एनलार्जमेंट बताया है। नेपाल राष्ट्र बैंक (हृक्ष्क्र) के नए नोट पर पिछले गवर्नर महा प्रसाद अधिकारी के सिग्नेचर हैं। वहीं इस नोट को जारी करने की तिथि बैंक ने 2081 ढ्ढस्-लिखी है। घरेलू मामलों में मनमाने निर्णय लेने के साथ-साथ चीन के उकसावे पर ओली ने भारत के 3 इलाकों लिपुलेख, कालापानी व लिपियाधुरा पर अपना दावा जताने के अलावा समय-समय पर भारत विरोधी बयान दिए और भारत विरोधी कदम उठाए जिनसे दोनों देशों के संबंधों में खटास आई। आपको बता दें 13 जून, 2020 को ओली ने उत्तराखंड स्थित लिपुलेख, लिपियाधुरा और कालापानी के इलाकों को नेपाल के नक्शे में दिखाने को नेपाल की संसद से स्वीकृति दिलाई और आरोप लगाया कि भारत उनकी सरकार को अस्थिर करना चाहता है जिस पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी। इस बीच 3 सितम्बर, 2025 को प्रधानमंत्री के ।पी। शर्मा ओली तथा उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों के मनमाने फैसलों तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध युवाओं ने मोर्चा खोल दिया। जेन जी के बैनर तले आंदोलनकारी युवा नेपाल की राजधानी काठमांडू के कई हिस्सों में के ।पी। चोर देश छोड़ो और भ्रष्ट नेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करो, भूकम्प की जरूरत नहीं है नेपाल रोज भ्रष्टाचार से हिलता है जैसे नारे लगाते हुए प्रदर्शन कर रहे थे। आंदोलनकारियों ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित अनेक मंत्रियों के आवास अग्नि भेंट कर दिए तथा आंदोलन के दौरान 20 लोगों की मौत की जवाबदेही की मांग को लेकर अपना प्रदर्शन जारी रखा। 9 सितम्बर को सुबह से ही तेजी से बदलते हालात के बीच दोपहर को एहतियातन राजधानी काठमांडू तथा आसपास के इलाकों में कर्फ्यू भी लगाया गया परन्तु स्थिति नियंत्रण में नहीं आई। इस आंदोलन के परिणामस्वरूप अंतत: देश में तख्तापलट हुआ और 13 सितम्बर, 2025 को देश की पूर्व चीफ जस्टिस सुशीला कार्की (73) को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाया गया। चूंकि 1971 में नेपाल के त्रिभुवन विश्वविद्यालय से ग्रैजुएशन करने के बाद सुशीला कार्की ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से आगे की पढ़ाई पूरी की थी, इसलिए आशा थी कि भारत में पढ़ाई के बाद अब राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर मिलने पर वह भारत के प्रति अपना सकारात्मक रवैया रखेंगी, परंतु ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा। नेपाल के केंद्रीय बैंक (नेपाल राष्ट्र बैंक अर्थात एन ।आर ।बी।) ने 27 नवम्बर, 2025 को अपने देश का 100 रुपए का नया नोट जारी करके एक एक बार फिर अपना भारत विरोधी चेहरा उजागर कर दिया है। इस नोट पर नेपाल का संशोधित मानचित्र लगा हुआ है और इसमें भारत के स्वामित्व वाले काला पानी, लिपुलेख और लिपियाधुरा क्षेत्र नेपाल में दिखाकर फिर विवाद खड़ा कर दिया है ।एनआरबी प्रवक्ता ने ये भी साफ किया कि नेपाली रुपयों में 10 रुपये, 50 रुपये, 500 रुपये और 1,000 रुपये जैसे अलग-अलग कीमत वाले बैंक नोटों में से सिर्फ़ 100 रुपये वाले नोट पर ही नेपाल का नक्शा है बाकी के नोटों पर नहीं है। वहीं भारत का दावा है कि लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा तीनों ही भारत के हैं नेपाल इसे गलत तरीके से प्रदर्शित कर रहा है। भारत ने साल 2020 में नेपाल की इस हरकत के लिए चेतावनी भी दी थी कि किसी भी सूरत में भारत नेपाल के इस कृत्रिम विस्तार को मंजूरी नहीं देगा। नेपाल के नए 100 रुपये के बैंक नोट के बाईं ओर माउंट एवरेस्ट है, जबकि दाईं ओर नेपाल के राष्ट्रीय फूल रोडोडेंड्रोन का वॉटर मार्क है। बैंक नोट के बीच में बैकग्राउंड में नेपाल का हल्का हरा रंग का नक्शा छपा है। नक्शे के पास अशोक स्तंभ भी छपा है जिस पर भगवान बुद्ध की जन्मभूमि लुंबिनी लिखा है। बैंक नोट के पीछे एक सींग वाले गैंडे की तस्वीर है।

## खास बात

### जय श्री राम के बाद, अब जय जगन्नाथ

संघ और उसके अनुवांशिक संगठन अब भगवान राम के स्थान पर भगवान जगन्नाथ के भक्त बनकर सामने आ रहे हैं भगवान राम का मंदिर बनकर पूरा हो गया है ।ध्वजा भी लहरा रही है। ऐसी स्थिति में संघ और उनके अनुवांशिक संगठनों के लिए अब एक नया प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। भगवान जगन्नाथ के नाम पर 60000 एकड़ से ज्यादा जमीन है। जगन्नाथ का मंदिर धन-धान्य से परिपूर्ण है ऐसी स्थिति में अब भगवान जगन्नाथ दूसरे सबसे बड़े आराध्या बनकर सामने आ रहे हैं। इसको लेकर देश में तरह-तरह की चर्चा शुरू हो गई है। भगवान राम का गुढगान करने वाले अब भगवान जगन्नाथ का गुढ़गान कर रहे हैं।

### घुसपेठियों का मामला अब दुधारी तलवार?

भारतीय जनता पार्टी के लिए घुसपेठियों का मामला भाजपा को बड़ा फायदा पहुंचा रहा था ।घुसपेठियों के नाम पर असम की सरकार बन गई। दिल्ली की केजरीवाल सरकार को निपटा दिया। झारखंड में सरकार बनाने की कोशिश हो गई। बिहार में विधानसभा का चुनाव जीत लिया। अब बारी पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश की है। घुसपैठियों के मामले में जिस तरह से विपक्ष आक्रामक हो गया है। घुसपैठ के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को जिम्मेदार ठहरा रहा है ।कहीं-कहीं तो इस्तीफा भी मांगा जाने लगा है ।पिछले 10 सालों से चुनाव के पहले यह हथकंडा सब राज्यों के मतदाता जानने लगे हैं। धार्मिक ध्रुवीकरण का खेल वैसे ही फीका पड़ता चला जा रहा है। भविष्य में इसका कितना फायदा या नुकसान होगा। इसको लेकर अब तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी हैं।

### संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर राहुल गांधी नाराज

संवैधानिक पदों पर दो दर्जन से ज्यादा खाली पदों पर नियुक्ति होनी है। इसके लिए प्रधानमंत्री कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें समिति के सदस्य के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृहमंत्री अमित शाह के साथ राहुल गांधी भी उपस्थित थे। राहुल गांधी ने पिछली बार की तरह इस बार भी अपना डीसेंट नोट लिखकर नियुक्ति पर विरोध जताया है ।बैठक में पहुंचने के बाद राहुल गांधी को नामो की सूचना दी गई। चयन समिति द्वारा निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया गया ।जिसके कारण राहुल गांधी डीसेंट नोट लिखकर नाराजी के साथ बाहर आ गए। मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के समय भी उन्होंने डीसेंट नोट लिखा था ।लेकिन हुआ क्या यह सभी जानते हैं। सरकार अपनी मनमर्जी से नियुक्ति कर देगी। मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति का मामला अभी भी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। राहुल गांधी को समझना होगा सरकार मैं समर्थ होती है। उसका मुकाबला आसान नहीं है।

### भारत में बिकेगा अमेरिका का सोयाबीन?

भारत के किसानों को, सोयाबीन के समर्थन मूल्य का दाम नहीं मिल पा रहा है। सोयाबीन के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं भारत सरकार अमेरिका के सोयाबीन को बेचने की अनुमति भारत में दे रही है। अमेरिका से जो प्रतिनिधि मंडल भारत आया है। उसने यह दावा किया है। यदि ऐसा हो गया,तो भारतीय किसानों का भगवान ही मालिक है। भारत सरकार अमेरिका के सामने क्यों नतमस्तक हो रही है। इसको लेकर तरह-तरह के सवाल उठने लगे हैं।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, पौष कृष्ण पक्ष, हेमंत रितु गुरु उदय पूर्वे, शुक्रास्त पूर्वे तिथी, दसवी, रविवासरे, हस्त नक्षत्रे, सौभाग्य योगे, वलकरणे, कन्या की चंद्रमा, भद्रा 3/4 से 24/39 सर्व सौभाग्य योग अमृत सिद्ध योग सूती स्नान व्यापार वाहन क्रय विक्रय तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलदायी होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल:** आज जन्म लिया बालक जिद्दी, हठी, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता, अधिवक्ता, शासक, प्रशासक, कुशल कार्यकर्ता, सैनिक, सिपाही, बिग्रेडियर, सेना नायक, कर्नल, दरोगा, उत्तम वृत्ति वाला कुशल व्यापारी, डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, जिला चिकित्सा अधिकारी डीन, डीएमई होगा।

**मेष राशि**- मानसिक बेचैनी, दुर्घटनाग्रस्त होने से बचे तथा अधिकारियों के तनाव से बचने का प्रयास अवश्य करें।

**वृष राशि**- योजनाएं फलीभूत हो, सफलता के साधन अवश्य जुटाए तथा विशेष लाभ अवश्य ही होगा।

**मिथुन राशि**- अचानक उपद्रव कष्टप्रद हो, विशेष कार्य स्थिगित रखे, कार्य अवरोध होगे।

**कर्क राशि**- परिश्रम से कुछ सफलता मिले, अर्थ व्यवस्था की विशेष चिंता बन जाएगी।

**सिंह राशि**- किसी अपवाद व दुर्घटना से बचें, व्यावसायिक क्षमता में विशेष वृद्धि होगी।

**कन्या राशि**- व्यवसाय गति उत्तम, चिन्ताए कम होगी, अवरोध के बाद रुके कार्य बन जाएंगे।

**तुला राशि**- सामाजिक बेचैनी उद्विघ्नता के योग बनें तथा कुटुम्ब में क्लेश अवश्य होगा।

**वृश्चिक राशि**- सामर्थ्य वृद्धि के साथ-साथ तनाव भड़के तथा झगड़े संभावित होगे।

**धनु राशि**- कुटुम्ब की समस्याएं कष्टप्रद हो, तनाव, व्यर्थ धन व्यय होगा, ध्यान दें।

**मकर राशि**- योजनाएं फलीभूत हो, सफलता के साधन जुटाए तथा कार्य बनें।

**कुंभ राशि**- स्वभाव में खिन्नता, मानसिक बेचैनी तथा बने हुए काम बिगड़े।

**मीन राशि**- तनाव क्लेश व अशांति बनेगी, परिश्रम विफल होंगे, कार्यगति होगी।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**14 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में |
| चंद्र | कन्या में |
| मंगल | धनु में |
| बुध | वृश्चिक में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | वृश्चिक में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| धनु | 06.45 बजे से |
| मकर | 08.51 बजे से |
| कुंभ | 10.37 बजे से |
| मीन | 12.10 बजे से |
| मेष | 13.40 बजे से |
| वृष | 15.21 बजे से |
| मिथुन | 17.19 बजे से |
| कर्क | 19.32 बजे से |
| सिंह | 21.48 बजे से |
| कन्या | 00.00 बजे से |
| तुला | 02.11 बजे से |
| वृश्चिक | 04.26 ब.से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 348 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1947
**मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** दशमी 18.50 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त 08.19 बजे को समाप्त।
**योग** सौभाग्य 11.45 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 18.50 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 23.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 13'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872558
**जूलियन दिन** 2461023.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उस्सानी
**तारीख** 22

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 | बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 | बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 | बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 | बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 | बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 | बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 | बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 | बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 | बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 | बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 | बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 | बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## संक्षिप्त समाचार

### वंदे भारत ट्रेनों में परोसा जाएगा स्थानीय व्यंजन, आगे चलकर सभी ट्रेनों में होगा विस्तार

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वंदे भारत ट्रेनों में संबंधित क्षेत्र के स्थानीय व्यंजन परोसे जाएं। इससे यात्रियों को उस क्षेत्र की संस्कृति और स्वाद से रूबरू होने का अवसर मिलेगा तथा यात्रा अनुभव और बेहतर होगा। इस सुविधा को चरणबद्ध तरीके से भविष्य में सभी ट्रेनों में विस्तारित किया जाएगा। वैष्णव ने शनिवार को रेल भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी उपस्थित थे। बैठक में रेल मंत्री ने बताया कि फर्जी पहचान के जरिए टिकट बुकिंग पर भारतीय रेलवे की सख्त कार्रवाई के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उपयोगकर्ता पहचान सत्यापन और फर्जी आईडी की पहचान के लिए लागू की गई कड़ी प्रणाली के बाद अब आईआरसीटीसी वेबसाइट पर प्रतिदिन लगभग पांच हजार नए वास्तविक यूजर आईडी जोड़े जा रहे हैं, जबकि सुधारों से पहले यह संख्या प्रतिदिन करीब एक लाख तक पहुंच गई थी।

### निजी ऑपरेटरों के जरिए हज यात्रा करने वाले समय से करा लें बुकिंग : किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने निजी ऑपरेटरों के माध्यम से हज करने वाले तीर्थयात्रियों से अनुरोध किया है कि वे जल्दी आवेदन करें और केवल अधिकृत हज ग्रुप आयोजकों (एचजीओ) और प्राइवेट टूर ऑपरेटरों (पीटीओ) को ही चुनें। उन्होंने कहा है कि 15 जनवरी तक समय पर बुकिंग करने से आखिरी समय की परेशानियों से बचा जा सकता है। इस संबंध में सरकार की ओर से परामर्श जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि हज यात्रा 2026 पर जाने वाले यात्री अगले साल 15 जनवरी तक बुकिंग करा लें। केन्द्रीय मंत्री ने इस सर्कुलर को साझा करते हुए कहा कि समय पर बुकिंग कराने से अंतिम समय की कठिनाइयों से बचा जा सकता है और इससे उनकी यात्रा भी सुचारू और सुव्यवस्थित होगी। तीर्थयात्रियों के लिए यह भी सलाह दी गई है कि वे बुकिंग से पहले पुष्टि कर लें कि एचजीओ या पीटीओ सरकार से मान्यता प्राप्त (अधिकृत) है या नहीं। बुकिंग से पहले ऑपरेटर का रजिस्ट्रेशन स्टेटस (पंजीकरण की स्थिति) और उन्हें मिला हुआ कोटा (कितने लोगों को ले जाने की अनुमति है) जरूर चेक करें।

### घाटी के कई हिस्सों में ओजीडब्ल्यू के खिलाफ कार्रवाई शुरू, 150 से अधिक संदिग्ध हिरासत में

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर पुलिस ने अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर कश्मीर घाटी के कई हिस्सों में आतंकवादियों के सहयोगियों (ओजीडब्ल्यू) के खिलाफ व्यापक कार्रवाई शुरू की। इसमें 150 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर में अब तक 150 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया जा चुका है जबकि घाटी के कई हिस्सों में आतंकवादियों के सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। यह कार्रवाई प्रतिबंधित संगठन जैश-ए-मोहम्मद और घाटी में मौजूद अन्य आतंकी संगठनों के आतंकी नेटवर्क को खत्म करने के लिए आतंकवादियों के सहयोगियों के खिलाफ शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि ओजीडब्ल्यू नेटवर्क के खिलाफ व्यापक कार्रवाई के तहत कश्मीर घाटी के कई हिस्सों में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी जारी है। यह कार्रवाई उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा जम्मू और कश्मीर में आतंकी तंत्र को खत्म करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराने के बाद की गई है।

### पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियन रोहित हत्याकांड के तीन मुख्य आरोपित बेंगलुरु से गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा के रोहतक जिले के हुमायूंपुर गांव के राष्ट्रीय पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियन रोहित धनखड़ हत्याकांड में भिवानी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सीआईए प्रथम भिवानी की टीम ने मामले में फरार चल रहे तीन मुख्य आरोपितों को बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया है। तीनों को भिवानी लाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने शनिवार को पुलिस लाइन में बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान तिगड़ाना गांव निवासी वरुण, उसके भाई तरुण और दीपक के रूप में हुई है। पुलिस टीम इन तीनों को बेंगलुरु से लेकर भिवानी ला रही है। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए अपराध यूनिट, सदर थाना और साइबर पुलिस को निर्देश दिए गए थे। 12 दिसंबर को सीआईए टीम ने यह कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि जल्द ही अन्य फरार आरोपियों को भी पकड़ा जाएगा। 27 नवंबर को रोहित अपने दोस्त जतिन के साथ भिवानी के रेवाड़ी खेड़ा गांव में एक शादी समारोह में शामिल हुए थे। वहां बारात में कुछ युवकों द्वारा महिलाओं पर अश्लील टिप्पणियां करने का रोहित ने विरोध किया, जिससे कहासुनी हो गई।

केंद्रीय गृह मंत्री ने जगदलपुर में किया हर घर रोशन प्रोजेक्ट का शुभारंभ

# बस्तर से नक्सलवाद खत्म होते ही विकास की नई शुरुआत होगी : अमित शाह

**जगदलपुर ■ एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि छत्तीसगढ़ के बस्तर से नक्सलवाद खत्म होते ही यहां विकास की नई शुरुआत होगी। इस अवसर पर शाह ने जगदलपुर में हर घर रोशन प्रोजेक्ट का भी शुभारंभ किया।



केंद्रीय गृह मंत्री शाह के मुख्य आतिथ्य में आज छत्तीसगढ़ के बस्तर में ओलंपिक 2025 का आखिरी समारोह हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमने तय किया था कि 31 मार्च, 2026 से पहले पूरे देश से लाल आतंक को खत्म कर देंगे और आज बस्तर ओलंपिक-2025 के समय हम इस कगार पर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष नवंबर-दिसंबर तक बस्तर ओलंपिक-2026 के समय तक पूरे भारत और छत्तीसगढ़ से लाल आतंक समाप्त हो चुका होगा और नक्सलमुक्त बस्तर आगे बढ़ रहा होगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नक्सली इस क्षेत्र के विकास पर नाग बनकर फन फैलाए बैठे थे, इससे बस्तर का विकास रुका था। बस्तर से नक्सलवाद खत्म होते ही विकास की नई शुरुआत होगी। उन्होंने बताया कि कांकेर, कोंडागांव, बस्तर, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर और दंतेवाड़ा ये 7 जिले वर्ष 2030 तक देश के विशिष्ट जिलों में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि अब बस्तर के हर व्यक्ति के घर में सुविधाएं होंगी। 5 किमी के क्षेत्र में बैंकिंग सुविधा होगी। वन उपज के लिए प्रोसेसिंग के लिए यूनिट लगेंगे। बस्तर के जिले डेरी के माध्यम से दुग्ध उत्पादन करेंगे। बस्तर के अंदर नई इंडस्ट्री, अस्पताल समेत अन्य चीजें लगेंगी। उन्होंने कहा कि बस्तर की संस्कृति दुनिया भर में सबसे खूबसूरत है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमने यह संकल्प लिया है कि पूरे बस्तर और भारत को नक्सलमुक्त कराना है। उन्होंने कहा कि 7 ज़िलों का संभाग बस्तर, दिसंबर 2030 दिसंबर तक देश के सबसे अधिक विकसित आदिवासी संभाग बनेगा। उन्होंने कहा कि बस्तर के हर व्यक्ति को रहने के लिए घर, बिजली, शौचालय, नल से पीने का पानी, गैस सिलिंडर, 5 किलो अनाज और 5 लाख तक का मुफ्त इलाज, बस्तर के घर घर में पहुचाने का संकल्प हमारी सरकार का संकल्प है। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने यह लक्ष्य तय किया है कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश को नक्सलवाद से मुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे स्वयं फिर बस्तर आएंगे और तब तक यह संकल्प पूरा हो चुका होगा। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलंपिक-2025 में सात ज़िलों की सात टीमें और एक टीम आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों की थी। उन्होंने कहा कि जब 700 से अधिक सरेंडर्ड नक्सलियों ने इन खेलों में भाग लिया तो यह देखकर बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के झांसे में आकर उनका पूरा जीवन तबाह हो जाता और हथियार डालकर मुख्यधारा में आने वाले ऐसे 700 से अधिक युवा आज खेल के रास्ते पर आए हैं।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में वन उपज की प्रोसेसिंग के लिए कोऑपरेटिव आधार पर यूनिट्स लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर के सातों ज़िले सभी आदिवासी ज़िलों में सबसे अधिक दूध उत्पादन कर डेयरी के माध्यम से अपनी आय बढ़ाने वाले ज़िले बनेंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर में नए उद्योग, उच्च शिक्षा की व्यवस्था, भारत में सबसे अच्छा स्पोर्ट्स संकुल और अत्याधुनिक अस्पताल की व्यवस्था भी हम करेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कुपोषण के लिए भी यहां विशेष स्कीम चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन्होंने आत्मसमर्पण किया है और जो नक्सलवाद के कारण घायल हुए हैं, उनके लिए एक बहुत आकर्षक पुनर्वसन योजना भी हम लाएंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर अब डर और हिंसा की पहचान नहीं रहा, बल्कि विकास और खेल की नई मिसाल बन रहा है। आने वाले समय में बस्तर के खिलाड़ी कॉमनवेल्थ गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष बस्तर ओलंपिक में 01 लाख 65 हज़ार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जबकि इस वर्ष 3 लाख 91 हज़ार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है, जो लगभग ढाई गुना की वृद्धि है और बहनों की प्रतिभागिता में लगभग तीन गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ को चुना गया है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार ने मुठभेड़ों में नक्सलियों को मारने का लक्ष्य नही रखा था, क्योंकि 2000 से अधिक नक्सली युवाओं ने आत्मसमर्पण भी किया है। उन्होंने कहा कि हमारे आदिवासी समाज के प्रमुखों ने इसमें बहुत बड़ा योगदान दिया है, उनके मार्गदर्शन ने नक्सली युवाओं को ढांढस भी बंधाया है और हिम्मत भी दी है। उन्होंने समाज के प्रमुखों और समाजसेवकों से अपील करते हुए कहा कि जो लोग आज भी हथियार लेकर घूम रहे हैं, वे उन्हें समझाकर समाज की मुख्यधारा वापिस में लाने का काम करें।

सॉल्ट लेक स्टेडियम की घटना को लेकर भाजपा ने ममता सरकार पर हमला बोला

# पश्चिम बंगाल में जंगल राज, ममता के शासन में कानून-व्यवस्था ध्वस्त

**कोलकाता स्टेडियम में हुई तोड़फोड़ से पूरा देश हुआ शर्मसार**



**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में हुई तोड़फोड़ की घटना को पूरे देश को शर्मसार करने वाला बताते हुए पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर हमला बोला है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि प्रख्यात फुलबॉलर लियोनल मेसी के कार्यक्रम में जिस प्रकार की अव्यवस्था, भगदड़ हुई, उससे सिर्फ कोलकाता और पश्चिम बंगाल नहीं, बल्कि हर भारतीय का सिर शर्म से झुक गया। जिस तरह का कुप्रबंधन और छल-कपट हुआ, उससे हर भारतीय शर्मिंदा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता सरकार में पश्चिम बंगाल तबाह हो चुका है। यह इस बात का सबूत है कि राज्य कितनी दयनीय स्थिति में पहुंच गया है। ऐसी ही स्थिति आईपीएल के बाद बेंगलुरु और तमिलनाडु में भी हुई थी। इससे पता चलता है कि इन राज्यों का नेतृत्व खुद को कानून से ऊपर समझता है। यह इंडी गठबंधन के सभी नेताओं का चरित्र दर्शाता है।

डॉ. त्रिवेदी ने इंडी गठबंधन से सवाल पूछा कि ऐसी घटनाएं केवल उन्हीं राज्यों में क्यों होती हैं जहां उनकी सरकार है?

विगत चार जून को आईपीएल के जश्न के बाद कर्नाटक में भगदड़ मच गई। 27 सितंबर 2025 को तमिलनाडु में भी इसी तरह की अराजकता और कुप्रबंधन देखने को मिला। यह स्पष्ट रूप से एक कमजोर कानून व्यवस्था को दर्शाता है, जहां सत्ता में बैठे लोग खुद को कानून से ऊपर समझते हैं। अधिकार के पदों पर बैठे लोग सार्वजनिक आयोजनों को अपने व्यक्तिगत अहंकार की संतुष्टि का साधन बना लेते हैं। उन्होंने तमिलनाडु सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कार्तिकई दीपम उत्सव ब्रिटिश काल से चला आ रहा है। वर्ष 1931 के एक फैसले में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि दरगाह के पास के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरी पहाड़ी देवस्थानम की है। तमिलनाडु सरकार का निंदनीय रवैया देश के लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष चरित्र पर कलंक है। जब उच्च न्यायालय ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि स्तंभ के पास 10 लोग दीपक जला सकते हैं, तब राज्य सरकार के वकील ने स्तंभ के अस्तित्व के प्रमाण प्रस्तुत करने की मांग की। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को धमकाने के लिए महाभियोग का प्रस्ताव रखा गया। यह केवल वोट बैंक की राजनीति नहीं है, बल्कि भारत की मूल पहचान पर एक ढांचागत, कुटिल हमला है।

## ज्ञान, प्रशिक्षण और अनुसंधान लोकतांत्रिक खुशहाली के तीन स्तंभ हैं : गडकरी



**मुंबई।** केंद्रीय सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को नागपुर में कहा कि ज्ञान, प्रशिक्षण और अनुसंधान एक खुशहाल लोकतंत्र के तीन स्तंभ हैं। पॉलिटिकल साइंस के स्टूडेंट्स कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री स्टडीज़ बोर्ड के ज़रिए ट्रेनिंग के लिए आते हैं। इन स्टूडेंट्स को कानून बनाने की प्रक्रिया और पार्लियामेंट्री प्रोसीजर की पढ़ाई करने का मौका मिलता है। ऐसी ट्रेनिंग और ज्ञान से ही लोकतंत्र खुशहाल होता है। केंद्रीय मंत्री गडकरी आज नागपुर में वी.एस. पेज पार्लियामेंट्री ट्रेनिंग सेंटर द्वारा लेजिस्लेटिव काउंसिल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में लेजिस्लेटिव काउंसिल द्वारा पास किए गए ज़रूरी बिल, प्रस्ताव और पॉलिसी पर पब्लिश की गई रेफरेंस रिच बुक सीरीज़ का दूसरा वॉल्यूम आज लेजिस्लेटिव काउंसिल हॉल में केंद्रीय मंत्री गडकरी के हाथों जारी किया गया। गडकरी ने कहा, मैं खुशकिस्मत हूं कि कार्यक्रम के मौके पर उस हॉल में वापस आया जहां मैंने 18 साल तक पढ़ाकर अनुभव हासिल किया और देश की सेवा करने का मौका मिला।

## निजी क्षेत्र के नवाचार को गति देने वाला परिवर्तनकारी उत्प्रेरक साबित होगा आरडीआई फंड : डॉ. जितेन्द्र सिंह

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने शनिवार को एक लाख करोड़ रुपये के अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) फंड को ऐतिहासिक उत्प्रेरक बताया। इसका उद्देश्य भारत के निजी क्षेत्र को सीमांत (फ्रंटियर) प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान एवं विकास, बौद्धिक संपदा सृजन और व्यावसायीकरण को सशक्त बनाना है। शनिवार को



नई दिल्ली में आयोजित आरडीआई फंड आउटरीच कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह पहल विश्व में अपनी तरह का पहला मॉडल है, जिसमें सरकार दीर्घकालिक, बिना किसी गारंटी के, कम ब्याज दर वाले ऋण और इक्विटी-आधारित साधनों के माध्यम से निजी क्षेत्र के नवाचार को वित्तीय रूप से सक्षम बना रही है।

उन्होंने कहा कि यह कोई दान या उदारता नहीं है बल्कि निजी क्षेत्र को सशक्त करने और भारत की सामूहिक उन्नति को डीप-टेक में तेज करने के लिए एक उत्प्रेरक है।

डॉ. जितेन्द्र सिंह ने रेखांकित किया कि विश्वभर में नासा जैसे प्रमुख नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत सरकारी समर्थन पर आधारित रहे हैं। भारत भी अब इसी प्रकार की रणनीति अपना रहा है, ताकि निजी उद्योग को उच्च-जोखिम, महत्वाकांक्षी अनुसंधान के लिए सक्षम बनाया जा सके और वे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकें।

समापन में डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यदि हम साहस, दृढ़ विश्वास और भरोसे के साथ आगे बढ़ें, तो यह उद्योग, समाज और राष्ट्र-तीनों के लिए एक जीत-जीत मॉडल बनेगा,'। उन्होंने हितधारकों से आरडीआई फंड का लाभ उठाने का आग्रह किया।

## केरल स्थानीय निकाय चुनाव: तिरुवनंतपुरम नगर निगम में राजग की ऐतिहासिक जीत

**तिरुवनंतपुरम ■ एजेंसी**

केरल के स्थानीय निकाय चुनाव के नतीजों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) से सत्ता छीन ली है। तिरुवनंतपुरम नगर निगम में पिछले 45 वर्षों से एलडीएफ का शासन रहा है।



निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, 101 सदस्यीय तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा ने 50 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं, एलडीएफ को 29 सीटें और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) को 19 सीटें मिली हैं। इसके अलावा दो वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है।

तिरुवनंतपुरम न केवल केरल की राजधानी है, बल्कि राजनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। तिरुवनंतपुरम लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर लगातार चार बार सांसद चुने जा चुके हैं। ऐसे में यह क्षेत्र लंबे समय से कांग्रेस और वाम मोर्चे का गढ़ माना जाता रहा है।

राज्य के अन्य नगर निगमों की बात करें, तो यूडीएफ ने केरल की छह में से चार नगर निगमों कोल्लम, कोच्चि, त्रिशूर और कन्नूर में जीत दर्ज की है। एलडीएफ ने कोझिकोडे नगर निगम को बरकरार रखा, जबकि राजग ने तिरुवनंतपुरम में एलडीएफ को सत्ता से बाहर कर दिया। पंचायती राज संस्थाओं में भी यूडीएफ का प्रदर्शन मजबूत रहा। यूडीएफ ने 59 जिला पंचायतों, 1063 ब्लॉक पंचायतों और 7451 ग्राम पंचायतों में जीत हासिल की। वहीं, एलडीएफ ने 30 जिला पंचायतों, 823 ब्लॉक पंचायतों और 6137 ग्राम पंचायतों पर कब्जा जमाया। राजग को एक जिला पंचायत, 50 ब्लॉक पंचायतों और 1363 ग्राम पंचायतों में सफलता मिली। गौरतलब है कि केरल में स्थानीय निकाय चुनाव 9 और 11 दिसंबर को दो चरणों में संपन्न हुए थे। दोनों चरणों में औसतन 73.69 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो वर्ष 1995 के बाद सबसे अधिक मतदान प्रतिशत है।

## कांग्रेस नेतृत्व ने केरल निकाय जीत को विधानसभा चुनाव का ट्रेलर बताया

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**





कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने केरल के स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की कामयाबी पर खुशी जाहिर की है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और केन्द्र में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने परिणामों आगामी 2026 विधानसभा चुनावों में गठबंधन की निर्णायक जीत का स्पष्ट संकेत बताया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केरल के लोगों का धन्यवाद करते हुए एक्स पोस्ट में दावा किया कि यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) आगामी विधानसभा चुनावों में भी इसी तरह का जनादेश हासिल करेगा। उन्होंने भरोसा जाताया कि इसी तरह प्रदेश कांग्रेस कार्यकर्ता आगे भी पूरी ज़िम्मेदारी और एकजुट होकर चुनाव प्रचार करेंगे।

लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि उनके समर्पण और कड़ी मेहनत से जीत मुमकिन हुई। जनादेश को निर्णायक और हौसला बढ़ाने वाला बताते हुए राहुल ने कहा कि साफ संकेत है कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी नेतृत्व वाले गठबंधन को बड़ी जीत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि केरल के लोग जवाबदेह सरकार चाहते हैं। हमें अब केरल के आम लोगों के साथ खड़े रहना है और उनकी रोजमर्रा की चिंताओं को दूर कर पारदर्शी एवं जनहितैशी प्रशासन सुनिश्चित करना है।

वहीं केरल से आने वाले पार्टी महासचिव एवं लोकसभा सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव के नतीजे 2026 के विधानसभा चुनावों में यूडीएफ की बड़ी जीत का एक ट्रेलर है। जनता ने एलडीएफ को बेनकाब कर दिया है।

उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में केरल हर बार की तरह भारतीय जनता पार्टी की फूट डालने वाली, ध्रुवीकरण की राजनीति को मजबूती से खारिज करने की अपनी परंपरा को जारी रखेगा।

'एक कौम, एक वतन-हिन्दुस्तान' विषय पर सेमिनार आयोजित

# प्रेम के माध्यम से भारत को विकसित देश बनाना चाहिएः डॉ. इंद्रेश कुमार

**हैदराबाद ■ एजेंसी**

*मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के तत्वाधान में शनिवार को हैदराबाद के उस्मानिया विश्वविद्यालय सभागार के पीजीआरआर दूरस्थ शिक्षा केंद्र में 'एक कौम, एक वतन-हिन्दुस्तान' विषय पर सेमिनार में का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संरक्षक डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा कि जो लोग एक कौम, एक वतन और एक संविधान में विश्वास रखते हैं, उन्हें देश के सभी नागरिकों को एकजुट करना चाहिए और प्रेम के माध्यम से भारत को विश्व का सबसे विकसित देश बनाना चाहिए।*



*डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां अनेक भाषाओं और संस्कृतियों के लोग रहते और काम करते हैं। वे सभी एक ही ईश्वर में विश्वास रखते हैं, केवल भाषा का अंतर है। भारत में रहने वाले लोग अपना काम अपनी मातृभाषा में करते हैं। जिस प्रकार मुसलमान अपने पूजा स्थलों में अपने ईश्वर को अपनी भाषा में याद करते हैं, उसी प्रकार ईसाई, बौद्ध, सिख, हिंदू सभी अपने ईश्वर के समक्ष अपनी बात रखते हैं। ईश्वर सभी भाषाओं को जानता है। वह उन लोगों की भाषा भी जानता है जिनके पास बोलने के लिए जीभ नहीं है।*

*उन्होंने श्रोताओं से पूछा कि यदि इस सभा में कोई ऐसा व्यक्ति है जो फ्रेंच में सपने देखता है, तो वह बताए, या यदि वह चीनी में सपने देखता है, तो वह बताए। कोई भी भारतीय ऐसा नहीं है। इसी प्रकार, हम भारत के लोग, एक ही विचार रखते हैं। उन्होंने सभी को स्वस्थ रहने के लिए योग और अन्य आसनों के बारे में बताया और उन्हें नियमित रूप से इनका अभ्यास करने की सलाह दी।*

*सेमिनार में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान आयोग के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. शाहिद अख्तर ने कहा कि प्रेम को फैलाने और घृणा को मिटाने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। हम एक कौम और एक सभ्यता व परंपरा के साथ आगे बढ़ें।*

*ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल (एआईएसएससी) कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष सैयद अली जकी हुसैन ने कहा कि देश भर के संतों ने हमेशा भाईचारे को बढ़ावा देने की बात कही है। हजरत ख्वाजा गरीब नवाज (रह.) से लेकर हजरत बंदा नवाज गेसूदराज (रह.) तक, जितने भी सूफी तथा संत भारत आए, सभी ने प्रेम और एकता का संदेश फैलाने का काम किया। उन्होंने घृणा को समाप्त करके लोगों के बीच प्रेम का सृजन किया। इसके माध्यम से ही शांति और सद्भाव स्थापित किया जा सकता है और यह मुस्लिम राष्ट्र मंच भी प्रेम को बढ़ावा देना और घृणा को समाप्त करना चाहता है।*



**जयपुर।** मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमएनआईटी) जयपुर ने लड़ाकू वाहनों के लिए हल्के हाइब्रिड कम्पोजिट आर्मर पैनल विकसित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। एमएनआईटी जयपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के प्रो. अमर पटनायक ने बताया कि ये आर्मर ऑर्डनेंस गाड़ियों में इस्तेमाल होने वाली मौजूदा भारी स्टील प्लेट्स की जगह ले सकते हैं और वज़न कम होने से गाड़ियों की मैन्यूवरेबिलिटी बढ़ा सकते हैं।



## प्रफुल शाह की पुण्यतिथि 'सेवा दिवस' के रूप में मनाई भोजन वितरण

विदिशा ■ निसं

वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय प्रफुल शाह की 36वीं पुण्यतिथि को 'सेवा दिवस' के रूप में मनाया। इस अवसर पर शहर में विभिन्न समाज सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें जरूरतमंदों, मरीजों, वृध्दजनों, दिव्यांग बच्चों और गोवंश की सेवा की गई। सेवा दिवस की शुरुआत कच्ची धर्मशाला में जरूरतमंदों को भोजन वितरण से हुई। इसके उपरांत सार्वजनिक भोजनालय सेवा समिति द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों को भोजन प्रसादी दी गई। जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल भी वितरित किए गए। कार्यक्रमों की श्रृंखला में श्री हरि वृद्ध आश्रम में निवासरत वृद्धजनों को स्वल्पाहार कराया गया। इसके अतिरिक्त, समीप स्थित दीक्षा दिव्यांग स्कूल के बच्चों को भी स्वल्पाहार वितरित किया गया। गौ-सेवा के तहत श्रीकृष्ण गोशाला में गायों को हरी घास खिलाई गई। ठंड के मद्देनजर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किए गए। सेवा कार्यों का समापन रक्तदान शिविर के आयोजन के साथ हुआ, जिसमें युवाओं और समाजसेवियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

### 11.08 करोड़ की समझौता राशि तय, ऋण विवादों में 4997 लोगों को राहत

# नेशनल लोक अदालत, 3824 प्रकरणों का निराकरण

रायसेन ■ निसं




रायसेन जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें बिजली बिल, जलकर, संपत्ति कर, बैंक ऋण और पारिवारिक विवादों सहित विभिन्न प्रकार के मामलों में समझौते किए गए।

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायसेन के अध्यक्ष अनिल कुमार सोहाने के मार्गदर्शन में, जिला मुख्यालय रायसेन और सभी तहसील न्यायालयों में वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया था।

लोक अदालत में कुल 3824 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। इनमें 633 न्यायालयों के लंबित प्रकरण और 3191 प्री-लिटिगेशन प्रकरण शामिल थे। इन प्रकरणों में कुल 11.08 करोड़ रुपए की समझौता राशि तय हुई, जिससे 4997 व्यक्ति लाभान्वित हुए।

नगर पालिका ने एक विशेष पहल करते हुए उन उपभोक्ताओं को सम्मानित किया जिन्होंने नेशनल लोक अदालत में अपने जलकर की 10,000 रुपए की बकाया राशि नकद जमा की। नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जमुना सेन और सीएमओ सुरेखा जाटव ने 10,000 रुपए का बकाया जलकर जमा करने वाले दो उपभोक्ताओं को विशेष पुरस्कार प्रदान किए।

कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन हर्षिनी यादव, न्यायिक जिला विधिक सहायता अधिकारी विनयकांत चतुर्वेदी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अजय कुमार सक्सेना, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल रायसेन, विद्युत विभाग, नगर पालिका, बीएसएनएल और विभिन्न बैंकों के अधिकारीगण, अधिवक्ता तथा पक्षकारगण भी शामिल हुए। जिले में राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण के लिए न्यायाधीशों की कुल 26 खंडपीठों का गठन किया गया था।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान

### विद्यालय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम में बाल विवाह रोकथाम के उपायों और बाल अधिकारों की जानकारी दी




विदिशा ■ निसं

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में बाल विवाह मुक्त भारत के 100 दिवसीय सघन जागरूकता अभियान अंतर्गत आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खामखेड़ा एवं शासकीय हाई स्कूल करैयाहाट व छीरखेड़ा हाई स्कूल में विद्यालय स्तर पर बाल विवाह रोकथाम के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बाल विवाह रोकथाम प्रभारी मुकेश ताम्रकार द्वारा स्कूली बच्चों को बाल विवाह रोकथाम के उपाय, विभिन्न हेल्पलाइनों की उपयोगिता व महत्व की जानकारी एवं बाल अधिकारों की विस्तृत जानकारी स्कूली बच्चों को दी गई। स्कूली प्रांगण में बच्चों को बाल विवाह रोकथाम की सामूहिक शपथ दिलाई गई 100 दिवसीय अभियान की उपयोगिता की जानकारी दी गई। बालिका शिक्षा एवं महत्व के बारे में बताया गया। बच्चों द्वारा बाल विवाह रोकथाम संबंधी प्रश्न पूछे गए जिनके उत्तर मुकेश ताम्रकार द्वारा दिए गए।

कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खामखेड़ा के प्राचार्य मनोज ठाकुर, श्रीमती अल्पना डोंगरे, श्रीमती सीमा सेन, प्रियम जैन, शासकीय हाई स्कूल करैयाहाट में राजकुमार चैहान कल्याण सिंह मेहर श्रीमती रीना राय सीमा मीना शीतल रजक कैलाश शाक्य जितेंद्र राजपूत एवं शासकीय हाई स्कूल छीरखेड़ा का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### नवोदय प्रवेश परीक्षा में कम उपस्थिति

## 16 केंद्रों पर सैकड़ों छात्र अनुपस्थित, पंजीयन के बावजूद बच्चे नहीं पहुंचे

रायसेन ■ निसं



रायसेन जिले में शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए परीक्षाएं आयोजित की गईं। जिले के 16 ब्लॉक स्तरीय केंद्रों पर हुई इन परीक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति कम दर्ज की गई।

सांची ब्लॉक की परीक्षाएं जिला मुख्यालय स्थित शासकीय आदर्श कन्या स्कूल और उत्कृष्ट विद्यालय में सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित की गईं।

शासकीय आदर्श कन्या स्कूल के प्राचार्य कमलेश नरवरे ने बताया कि उनके केंद्र पर कुल 190 बच्चे पंजीकृत थे, जिनमें से 124 ही उपस्थित हुए। छात्रों को ओएमआर शीट पर प्रश्नों के उत्तर गोले लगाकर हल करने थे।

इसी तरह, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य स्वाति चौहान ने जानकारी दी कि उनके स्कूल में 12 कमरों में परीक्षा आयोजित की गई थी। यहां 288 बच्चे पंजीकृत थे, जिनमें से 184 उपस्थित हुए और 104 अनुपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त, 15 दिसंबर सोमवार से 'रुक जाना नहीं' योजना के तहत कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं भी आयोजित की जा रही हैं। इन परीक्षाओं के लिए शहर में लगभग चार केंद्र बनाए गए हैं।

## प्रदेश में 20 हजार स्वास्थ्य पदों की मंजूरी, गोशाला भी बनेगी



**विदिशा, निप्र।** मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने 12 दिसंबर को अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर आज (शनिवार) विदिशा पहुंचे जिले के प्रभारी एवं राज्य मंत्री लखन पटेल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश सरकार की दो वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी दी।

मंत्री लखन पटेल ने विदिशा में जिला विकास एवं सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक के बाद आयोजित पत्रकारवार्ता में उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ विदिशा जिले में हुए विकास कार्यों पर भी प्रकाश डाला।

मंत्री पटेल ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। विदिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्मित पांच आरोग्य केंद्रों पर जल्द ही स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में स्वास्थ्य विभाग में 20 हजार से अधिक नए पदों के सृजन को मंजूरी दी गई है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि कई स्थानों पर भवन तैयार हैं, लेकिन पदस्थापना नहीं हो पाई थी, अब इन पदों पर बहुत जल्द नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके अतिरिक्त, मंत्री ने स्वावलंबी गोशाला योजना के तहत देश की पहली बड़ी गोशाला परियोजना विदिशा जिले की नटेरन तहसील में शुरू होने की घोषणा की।

### प्रफुल शाह की पुण्यतिथि 'सेवा दिवस' के रूप में मनाई

## भोजन वितरण, गौ-सेवा, कंबल वितरण किया




विदिशा में शनिवार को वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय प्रफुल शाह की 36वीं पुण्यतिथि को 'सेवा दिवस' के रूप में मनाया। इस अवसर पर शहर में विभिन्न समाज सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें जरूरतमंदों, मरीजों, वृध्दजनों, दिव्यांग बच्चों और गोवंश की सेवा की गई। सेवा दिवस की शुरुआत कच्ची धर्मशाला में जरूरतमंदों को भोजन वितरण से हुई। इसके उपरांत सार्वजनिक भोजनालय सेवा समिति द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों को भोजन प्रसादी दी गई। जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल भी वितरित किए गए।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में श्री हरि वृद्ध आश्रम में निवासरत वृद्धजनों को स्वल्पाहार कराया गया। इसके अतिरिक्त, समीप स्थित दीक्षा दिव्यांग स्कूल के बच्चों को भी स्वल्पाहार वितरित किया गया। गौ-सेवा के तहत श्रीकृष्ण गोशाला में गायों को हरी घास खिलाई गई। ठंड के मद्देनजर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किए गए।

सेवा कार्यों का समापन रक्तदान शिविर के आयोजन के साथ हुआ, जिसमें युवाओं और समाजसेवियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर स्वर्गीय प्रफुल शाह के व्यक्तित्व, समाज के प्रति उनके समर्पण और सेवा भावना को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। उपस्थित लोगों ने बताया कि उनकी पुण्यतिथि पर आयोजित यह सेवा दिवस मानवता और समाजसेवा के प्रति उनकी प्रेरणा को जीवंत रखने का एक प्रयास है।

### 117वां रामलीला मेला 15 दिसंबर से शुरू

## झूले और स्टॉल तैयार, स्थानीय कलाकार करेंगे भव्य मंचन



**रायसेन, निप्र।** रायसेन के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में 117वां वार्षिक श्री रामलीला मेला 15 दिसंबर (सोमवार) से शुरू होने जा रहा है। मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और मैदान में झूले भी लगाए जा चुके हैं। शहर और आसपास के गांवों में मेले को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

इस बार रामलीला मंचन और भव्य: आयोजन समिति के अनुसार, इस बार रामलीला का मंचन पहले से अधिक भव्य होगा। सभी पात्रों की भूमिका स्थानीय कलाकार निभाएंगे। मेले का शुभारंभ 15 दिसंबर को भगवान गणेश की स्थापना के साथ होगा। इसके अगले दिन मंगलवार से दक्ष यज्ञ की लीला के साथ रामलीला मंचन का विधिवत आरंभ होगा।

मेले के प्रमुख आकर्षण: मेले के प्रमुख आकर्षणों में 17 दिसंबर को शिव बारात, 21 दिसंबर को राम बारात, 24 दिसंबर को गंगा तरण और 29 दिसंबर को लंका दहन शामिल हैं। रामलीला का सबसे बड़ा आयोजन रावण दहन 7 जनवरी को होगा।

झूले और खानपान का स्टॉल तैयार: मेले में टू-टावर झूला, ब्रेक डांस और विभिन्न प्रकार के खानपान स्टॉल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इन मनोरंजक गतिविधियों के लिए झूले और स्टॉल लगाए जा चुके हैं।

### अस्पताल में कॉकरोच-कीड़े मिलने के बाद कलेक्टर का निरीक्षण

## सीएमएचओ -सर्जन को स्वच्छता पर सख्त निर्देश, मैटर्निटी वार्ड इंचार्ज को नोटिस

रायसेन ■ निसं



रायसेन जिला अस्पताल में कॉकरोच और अन्य कीड़े मिलने की खबरों के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया। डिजिटल भास्कर पर खबर प्रमुखता से दिखाए जाने के बाद कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने शुक्रवार देर शाम अस्पताल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सीएमएचओ और सिविल सर्जन को वार्डों में स्वच्छता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर विश्वकर्मा ने कहा कि इलाज के लिए आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने और वार्डों का नियमित भ्रमण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल के कई वार्डों का दौरा किया और वहां भर्ती मरीजों से बातचीत भी की।

बाल कल्याण समिति ने की शिकायत: 11 दिसंबर को जिला बाल कल्याण समिति द्वारा शिकायत मिलने के बाद अस्पताल के प्रसूता और शिशु वार्ड सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया गया। समिति के सदस्यों ने वार्डों, मरीजों के खाने की बेंच और वाटर कूलर में कॉकरोच और अन्य कीड़े पाए।

कारण बताओ नोटिस जारी: मामला उजागर होने के बाद मैटर्निटी वार्ड इंचार्ज सरस्वती और शिशु वार्ड इंचार्ज शबाना खान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जिसमें तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। सफाई व्यवस्था संभालने वाले चार सुपरवाइजर राजा, अमित, सादिक और रघुराज को चेतावनी पत्र जारी किए गए।

कीट नियंत्रण का आदेश: पेस्ट कंट्रोल करने वाली मैट्रिक इंटरप्राइजेज को तत्काल अस्पताल भेजकर कीट नियंत्रण करने के आदेश दिए गए हैं। प्रशासन ने अस्पताल में स्वच्छता और रोगियों की सुविधा सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने को कहा है।

## विश्वकप विजेता मप्र की ब्लाइंड बेटियों को आंध्रप्रदेश में सम्मान

**नर्मदापुरम।** पहली बार आयोजित दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्वकप जीतकर भारत ने इतिहास रच दिया है। इस ऐतिहासिक जीत में मध्य प्रदेश की तीन बेटियों- सुनीता सराठे (नर्मदापुरम), सुषमा पटेल (दमोह) और दुर्गा येवले (बैतूल) की अहम भूमिका रही। लेकिन विडंबना देखिए, देश को वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाली इन बेटियों का आंध्र प्रदेश में भव्य सम्मान हुआ, वहां के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने उन्हें 5-5 लाख रुपए का इनाम दिया, लेकिन अपने ही गृह प्रदेश में वे अब तक सम्मान और पुरस्कार से वंचित हैं। हालांकि, 10 दिन के इंतजार के बाद आज (शनिवार) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इन बेटियों को मिलने के लिए बुलाया है।

### प्रभारी मंत्री पंवार की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

# विगत दो वर्षो में सफलता के अनेक आयाम स्थापित हुए हैं

रायसेन ■ निसं




जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, सभी जनपद पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा तथा पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में प्रभारी मंत्री पंवार ने समिति के सदस्यों से चर्चा करते हुए कहा कि आज राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण हुए हैं। इस अवधि में प्रदेश और जिले में अधोसंरचना और जनकल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं तथा विकास के अनेक आयाम भी स्थापित हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा जिलों के विकास को ओर गति देने तथा योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन हेतु यह समिति गठित की गई है। समिति के सदस्यों पर जिले के चहुँमुखी विकास की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। रायसेन जिले को विकास का मॉडल बनाने के लिए सभी संकल्पित रूप से कार्य करना है। जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, रोजगार, खेती, सड़क, सिंचाई हर क्षेत्र में विकास के कार्ययोजना बनाकर उसे सफलतापूर्वक क्रियान्वित कर जिले में विकास के और नए आयाम स्थापित करना है। प्रभारी मंत्री पंवार को कलेक्टर विश्वकर्मा तथा जिला अधिकारियों द्वारा विभागवार दो वर्षो में जिले में हुए विकास कार्यो तथा अधोसंरचना के कार्यो की प्रगति से अवगत कराया गया। प्रभारी मंत्री पंवार ने सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी जिला अधिकारी अपने-अपने विभागों की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

बैठक में अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित पार्क में किया गया पौधरोपण कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर स्थित पार्क में जिले के प्रभारी मंत्री पंवार, सांची विधायक डॉ चौधरी, भोजपुर विधायक पटवा, जिला पंचायत अध्यक्ष मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा पौधरोपण किया गया।

### हजारों महिलाओं ने रचाई श्याम नाम की मेहंदी, भव्य निशान यात्रा की तैयारी

## श्री खाटू श्याम मंदिर में चार दिवसीय महोत्सव शुरू

विदिशा ■ निसं



विदिशा के वैशाली विहार स्थित खाटू श्याम मंदिर में चार दिवसीय वार्षिक महोत्सव का आयोजन शनिवार को शुरू हो गया। महोत्सव के पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और विभिन्न धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए।

महोत्सव के तहत महिलाओं के लिए 'श्याम नाम की मेहंदी' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें हजारों की संख्या में महिलाओं ने एक-दूसरे के हाथों पर श्याम बाबा के नाम की मेहंदी लगाई। मंदिर समिति ने मेहंदी सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित कर ली थीं। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की एक टीम तैनात की गई है।

मंदिर समिति के सदस्य गौरव बंसल ने बताया कि यह खाटू श्याम मंदिर, वैशाली विहार का सातवां वार्षिक उत्सव है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी विविध धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं, जिनमें महिलाएं, युवा और वरिष्ठ नागरिक उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित इस महोत्सव के तहत शनिवार को सामूहिक सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन भी किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कथा के समापन के बाद सामूहिक रूप से 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया।

महोत्सव के तीसरे दिन रविवार को शहर में एक भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। हजारों की संख्या में खाटू श्याम भक्त अपने हाथों में निशान लेकर बाबा के दरबार में अर्पित करेंगे। यह निशान यात्रा डंडापुरा स्थित चिंतामणि गणेश मंदिर से प्रारंभ होगी।

श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष घनश्याम बंसल ने बताया कि यह उत्सव भक्तों के लिए भक्ति, अध्यात्म और सामूहिक सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आगामी दिनों में भजन संध्या, प्रसादी वितरण और विशेष आरती जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### डोमेस्टिक क्रिकेट में चमके मोहम्मद सिराज

**नई दिल्ली।** भारतीय टी20 टीम में फिलहाल जगह न मिलने के बावजूद तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज मैदान पर खुद को साबित करने में जुटे हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से मिले इस छोटे ब्रेक का उन्होंने सकारात्मक इस्तेमाल किया है और घरेलू क्रिकेट में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार 12 दिसंबर को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई के खिलाफ खेले गए मुकाबले में सिराज ने हैदराबाद की ओर से खेलते हुए अपनी घातक गेंदबाजी से सभी का ध्यान खींच लिया। इस मैच में उन्होंने 3.5 ओवर में मात्र 17 रन देकर 3 अहम विकेट झटके और टीम की जीत की नींव रखी। उनके इस प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

### लियोनल मेसी की 70 फुट ऊंची प्रतिमा का भव्य अनावरण

**कोलकाता।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर और विश्व फुटबॉल आइकन लियोनल मेसी ने कोलकाता में अपनी 70 फुट ऊंची प्रतिमा का वर्चुअल माध्यम से अनावरण किया। यह प्रतिमा शहर के प्रमुख आकर्षण बिग बेन और फुटबॉल लीजेंड डिएगो माराडोना की प्रतिमा के समीप स्थापित की गई है। प्रतिमा के अनावरण के दौरान मौके पर मौजूद हजारों प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। 'मेसी-मेसी' के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा और फैंस अपने पसंदीदा खिलाड़ी की एक झलक पाने को बेताब नजर आए। इससे पहले लियोनल मेसी तड़के करीब तीन बजे कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचे, जहां पहले से ही बड़ी संख्या में प्रशंसक जमा थे। एयरपोर्ट से लेकर होटल तक सड़क के दोनों ओर खड़े फैंस ने उनका जोरदार स्वागत किया।

### वेंकटेश के रवैये के कारण उसे केकेआर ने लिया था:अभिषेक नायर

**मुम्बई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने वेंकटेश अय्यर को मिनी नीलामी के पहले रिलीज कर दिया है। ऐसे में अब वेंकटेश 16 दिसंबर को होने वाली नीलामी में दो करोड़ की बेस प्राइज के साथ उतरेंगे। वहीं केकेआर के कोच अभिषेक नायर ने वेंकटेश की जमकर प्रशंसा करते हुए उसे पिछले सत्र में अपनी टीम में जोड़ने का कारण बताया है। नायर ने कहा है वेंकटेश अय्यर को उसके रवैये के कारण टीम में शामिल किया था। वेंकेटेश को 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की मिनी-नीलामी में केकेआर ने अपने साथ रखा है।

## रतलाम के अब्दुल कादिर की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि

# एशियन यूथ पैरा गेम्स में तीन गोल्ड सहित चार पदक

**रतलाम ■ निप्र**

रतलाम के दिव्यांग तैराक अब्दुल कादिर ने दुबई एशियन यूथ पैरा गेम्स में तीन गोल्ड और एक ब्रांज पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया। बचपन के हादसे के बाद तैराकी में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई।

एक हादसे में बचपन में अपने दोनों हाथ गंवाने वाले रतलाम के दिव्यांग तैराक अब्दुल कादिर इंदौरी ने दुबई में आयोजित एशियन यूथ पैरा गेम्स में चार पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने चार इवेंट में भाग लेकर तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक अपने नाम किए। उनकी इस उपलब्धि की खेल जगत और शहरभर में सराहना हो रही है।

**अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन:** दुबई में आयोजित एशियन यूथ पैरा गेम्स में अब्दुल कादिर ने 50 मीटर बटरफ्लाई, 50 मीटर बैकस्ट्रोक और 100 मीटर फ्री स्टाइल इवेंट में पहला स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल जीते। इसके साथ ही उन्होंने 50 मीटर बटरफ्लाई इवेंट में तीसरा स्थान प्राप्त कर ब्रांज मैडल (रजत पदक) भी अपने नाम किया। चारों इवेंट में उनका प्रदर्शन चर्चा का विषय




बना रहा।

**कोच के मार्गदर्शन में निखरी प्रतिभा:** अब्दुल कादिर के कोच राजा राठौड़ के अनुसार, लगभग छह वर्ष की उम्र में हाईटेंशन लाइन से करंट लगने के कारण अब्दुल ने अपने दोनों हाथ खो दिए थे। इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और एक वर्ष बाद तैराकी का प्रशिक्षण लेना शुरू किया। कोच के मार्गदर्शन में कुछ ही समय में उन्होंने तैराकी में दक्षता हासिल कर ली और प्रतियोगिताओं में लगातार सफलताएं प्राप्त करने लगे।

**एशियन यूथ पैरा गेम्स तक का सफर:** दुबई में आयोजित यह पांचवां यूथ एशियन पैरा गेम्स था, जिसमें 18 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों का ट्रायल ग्वालियर में हुआ था, जहां देशभर से आए प्रतिभागियों में से अब्दुल कादिर सहित पांच-छह तैराकों का चयन दुबई एशियन यूथ पैरा गेम्स-2025 के लिए किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों के कुल 162 खिलाड़ी शामिल हुए थे।

**भविष्य की बड़ी प्रतियोगिताओं पर नजर:** अब्दुल कादिर इससे पहले वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी हिस्सा ले चुके हैं, जिसमें ओलंपिक में कई पदक जीतने वाले जापान और चीन के तैराकों ने भाग लिया था। उस प्रतियोगिता में उन्होंने नौवीं रैंक हासिल की थी। उनके कोच और समर्थकों को उम्मीद है कि आगे वे सीनियर स्तर पर ओलंपिक और एशियन गेम्स में भी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**छत पर खेलते समय हुआ था हादसा:** करीब 18 वर्षीय अब्दुल कादिर का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। वर्ष 2014 में रतलाम की कलीमी कॉलोनी स्थित अपने घर की छत पर खेलते समय वे हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए थे। हादसे में उनके दोनों हाथ खराब हो गए, जिन्हें अलग करना पड़ा। इस कठिन दौर के बाद उन्होंने तैराकी को अपनाया और उसे अपनी ताकत बनाया। दुबई प्रतियोगिता से पहले वे पैरा स्पोर्ट्स की राष्ट्रीय स्पर्धा में 9 गोल्ड और 3 सिल्वर मेडल भी जीत चुके हैं।




### उन्नति और ईशारानी बरुआ ने बरकरार रखा जीत का सिलसिला, ओडिशा मास्टर्स के फाइनल में पहुंचीं

**कटक।** उन्नति हुड्डा और ईशारानी बरुआ ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा। ये दोनों भारतीय खिलाड़ी कटक में जारी ओडिशा मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा और हमवतन ईशारानी बरुआ ने शनिवार को ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर महिला एकल फाइनल में जगह बना ली। 18 वर्षीय हुड्डा टूर्नामेंट के 2022 चरण और 2023 अबुधाबी मास्टर्स की विजेता रह चुकी हैं। उन्हें पूर्व जूनियर नंबर एक खिलाड़ी तसनीम मीर ने कड़ी चुनौती दी। लेकिन हुड्डा एक घंटे तक चले मुकाबले में 18-21, 21-16, 21-16 से जीत दर्ज करने में कामयाब रहीं। दूसरे सेमीफाइनल में असम की ईशारानी ने शानदार वापसी करते हुए तन्वी हेमंत को 18-21, 21-7, 21-7 से हराया। दूसरे वरीय किरण जॉर्ज और रौनक चौहान पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में जगह तय करने के लिए सेमीफाइनल में एक दूसरे से भिड़ेंगे। वहीं मिश्रित युगल सेमीफाइनल में भारत के एस कनापुरम और आर उथयसूरियन को इंडोनेशिया के देजान फर्डिनान्स्याह और बी वर्डाना की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 16-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## होंडा मोटरसाइकिल एवं स्कूटर इंडिया में सड़क सुरक्षा जागरूकता की पहल

# 2400 से अधिक प्रतिभागियों ने सुरक्षित और सजग सड़क व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए इंटरैक्टिव लर्निंग सत्रों में भाग लिया

**भोपाल ■ निप्र**

होंडा मोटरसाइकिल एवं स्कूटर इंडिया ने सड़क सुरक्षा व्यवहार को बढ़ावा देने के अपने देशव्यापी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए भोपाल, मध्य प्रदेश में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी और जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में एक प्रभावशाली सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस पहल में 2400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जहाँ उन्होंने सुरक्षित वाहन संचालन के मूल सिद्धांत सीखे और सड़क पर साझा जिम्मेदारी को बढ़ावा देने वाले एक सीखने योग्य वातावरण का अनुभव किया।

युवाओं में जागरूक सोच और सार्थक कार्रवाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इन सत्रों में इंटरएक्टिव लर्निंग गतिविधियाँ शामिल थीं, जो रोज़ाना आने-जाने के दौरान आने वाली चुनौतियों और सड़क सुरक्षा की व्यावहारिक समझ विकसित करने पर केंद्रित थीं। इन




गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने डेमो, चर्चाओं और वास्तविक जीवन की स्थितियों के जरिए सुरक्षित ड्राइविंग की ज़रूरी आदतों को गहराई से समझा और अपनाया।

यह सत्र होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रशिक्षित रोड सेफ्टी इंस्ट्रक्टर द्वारा संचालित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को सुरक्षित यात्रा के प्रमुख पहलुओं जैसे हेलमेट जागरूकता, पैदल यात्री सुरक्षा, सड़क संकेतों का महत्व और सड़क सुरक्षा को रोज़मर्रा की जिम्मेदारी के रूप में अपनाने पर जानकारी दी गई। इस कैंपेन का मुख्य संदेश सरल लेकिन प्रभावशाली था सड़क सुरक्षा की शुरुआत जागरूकता और सही कार्रवाई से होती है।

## एलएनसीटी में वेस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता 2025-26

# लोकजागृति यूनिवर्सिटी और मनिपाल यूनिवर्सिटी टॉप 4 में पहुँची

**भोपाल ■ निप्र**

भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) के तत्वावधान में एलएनसीटी विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, कोलार रोड, भोपाल में आयोजित वेस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता 2025-26 के पांच दिवसीय आयोजन के चौथे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

पूल 'A' के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में लोकजागृति यूनिवर्सिटी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एलएनआईपीई, ग्वालियर को 3-0 से पराजित कर टॉप 4 में प्रवेश किया।

वहीं पूल 'B' के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मनिपाल यूनिवर्सिटी ने आरटीएम, नागपुर को 3-1 से हराकर टॉप 4 में अपनी जगह सुनिश्चित की।

इसके अलावा पूल 'ष्ट' और 'ष्ठ' के अन्य मुकाबलों में भी कई रोमांचक मैच खेले गए, जिनमें- एचएनजीयु ने




आरएनटीयु को 3-0 से, पारुल यूनिवर्सिटी ने एसपीयु पुणे को 3-2 से, निरमा यूनिवर्सिटी ने सीओईपी को 3-1 से, एस वी के एम ने एसजीएस यूनिवर्सिटी को 3-0 से, पीडीयुस ने कड़ीसर्वा को 3-0 से, एम आई टी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी ने एलएनसीटी यूनिवर्सिटी को 3-0 से, एमजीएसयू ने पीपीएसयु को 3-0 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता में विभिन्न विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन देखने को मिल रहा है, जिससे दर्शकों में खासा उत्साह बना हुआ है।



## दुनियाभर में शॉपिंग के लिए एआई टूल्स का इस्तेमाल बढ़ रहा

# 5 साल में चैटबॉट्स से 450 लाख करोड़ की शॉपिंग

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

क्रिसमस और नए साल के तोहफे खरीदने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदारी का काफी काम एआई चैटबॉट्स के हवाले कर रखा है। चैटबॉट्स सुनते हैं कि यूजर क्या चाहता है, प्रोडक्ट्स की छंटनी करते हैं और उनकी तुलना में मदद करते हैं।

शॉपिफाई के एक सर्वे के मुताबिक हॉलिडे सीजन में अमीर देशों में दो तिहाई कंज्यूमर और 18-24 वर्ष की आयु के 15-20% लोग शॉपिंग के लिए एआई से मदद लेने का प्लान बना रहे हैं।

**2030 तक 450 लाख करोड़ तक की शॉपिंग चैटबॉट्स से होगी:** मैकिन्जी ने एक स्टडी में पाया कि अमेरिका में चैटजीपीटी जैसे टूल्स का सामान्य रिसर्च के बाद दूसरा सबसे आम उपयोग शॉपिंग की सलाह में किया जाता है। मैकिन्जी का अनुमान है, 2030 तक 270 लाख करोड़ रु. से 450 लाख करोड़ रुपए तक की शॉपिंग चैटबॉट्स के माध्यम से होगी।

ओपन एआई ने शॉपिफाई और एटसी से उनके चैटबॉट्स के जरिए व्यवसायियों को अपने प्रोडक्ट्स बेचने की अनुमति देने के लिए करारकिया है। इसके बदले में फीस ली जाएगी। गूगल की नजर भी इस बाजार पर है।

अमेजन ने ओपन एआई के एजेंट्स को



सूचनाएं लेने से ब्लॉक किया

अमेरिका में यूजर अपने एआई टूल्स से दुकानों का स्टॉक चेक करने, मूल्य देखने और खरीदारी करने के लिए कह सकते हैं। कई ई-कॉमर्स वेबसाइट्स उनके और उनके कस्टमर के बीच एआई एजेंट्स होने से भड़क गई हैं।

अमेजन ने ओपन एआई के एजेंट्स को सूचनाएं लेने से ब्लॉक कर दिया है। वह परप्लेक्सिटी पर मुकदमा चला रही है। उसका दावा है कि परप्लेक्सिटी का कॉमेट ब्राउजर मानव के रूप में अमेजन की वेबसाइट के आसपास मंडराता है।

**वॉलमार्ट के प्रोडक्ट्स चैटजीपीटी से खरीदे जा सकेंगे:** वहीं अक्टूबर में वॉलमार्ट ने बताया कि जल्द ही उसके प्रोडक्ट्स चैटजीपीटी से सीधे खरीदे जा सकेंगे। मिजुहो बैंक के एनालिस्ट मानते हैं, वॉलमार्ट की वेबसाइट पर चार प्रतिशत विजिट दूसरों के हवाले से हुई हैं।

एआई फैशन शॉपिंग टूल डेड्रीम की फाउंडर जूली बोर्नस्टीन कहती हैं, कुछ वस्तुओं की सर्चिंग के लिए अन्य माध्यमों के मुकाबले चैटबॉट्स अधिक सहायक हैं। वे वैक्यूम क्लीनर जैसे स्पष्ट और तुलनात्मक स्पेसिफिकेशन के प्रोडक्ट में बेहतर हैं।

कॉस्मेटिक्स जैसे स्पेसिफिकेशन और निजी पसंद वाले प्रोडक्ट के मामले में ठीक-ठाक हैं। लेकिन वे फैशन जैसे पर्सनल क्षेत्र में अधिकतर मौकों पर गलती करते हैं।

**मानवीय संपर्क का महत्व भी:** एआई से ऑनलाइन शॉपिंग में बदलाव के कारण वास्तविक स्टोर्स को अहमियत मिली है। शानदार डिस्प्ले और आकर्षक असिस्टेंट वाली दुकानों के जरिए कंपनियों को स्वयं को पेश करने का एक अन्य रास्ता मिला है।

इस साल शॉपिफाई सर्वे में तीन चौथाई लोगों ने बताया कि वे शॉपिंग करते हुए मानवों से संवाद को महत्व देते हैं। यह 2024 के मुकाबले पचास फीसदी अधिक है।

## अडाणी-ग्रीन-एनर्जी केस में प्रणव अडाणी को क्लीन चिट मिली

# सेबी को कोई ठोस सबूत नहीं मिले, गौतम अडाणी के भतीजे पर इनसाइडर ट्रेडिंग के आरोप लगे थे

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

मार्केट रेगुलेटर सेबी ने अडाणी ग्रीन एनर्जी की 2021 में स्क्र एनर्जी अधिग्रहण डील से जुड़े इनसाइडर ट्रेडिंग केस में प्रणव अडाणी और उनके दो रिश्तेदारों को क्लीन चिट दे दी है। 50 पेज के ऑर्डर में सेबी ने कहा कि उनके खिलाफ अनपब्लिश्ड प्राइस सेंसिटिव इनफार्मेशन शेयर करने का कोई ठोस सबूत नहीं मिला।



ट्रेड्स पब्लिक इन्फॉर्मेशन के बाद हुए और नॉर्मल पैटर्न से मैच करते हैं। अलग ऑर्डर में भी सेबी ने विनोद बहेटी समेत अन्य को भी आरोपों से क्लियर किया है।

**क्या था पूरा मामला:** यह केस अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की स्क्रएनर्जी होल्डिंग्स को 3.5 बिलियन डॉलर यानी 31,693 करोड़ रुपए में खरीदने की डील से जुड़ा था। डील की ऑफिशियल अनाउंसमेंट 19 मई 2021 को हुई थी। सेबी ने जनवरी 2021 से अगस्त 2021 तक के ट्रेड्स की जांच की।

नवंबर 2023 में गौतम अडाणी के भतीजे प्रणव अडाणी, कुणाल शाह और नृपाल शाह को शो-कॉज नोटिस जारी हुआ था। कुणाल शाह की प्रणव की कजिन नृपाल से शादी हुई है। उन पर आरोप था कि प्रणव ने गुप्त जानकारी शेयर की और रिश्तेदारों ने उस आधार पर 17-18 मई को शेयर खरीदे। जिससे उन्हें 51 लाख और 40 लाख का प्रॉफिट हुआ था।

**सेबी ने क्लीन चिट क्यों दी:** सेबी के ऑर्डर में मुख्य पॉइंट यह था कि 16 मई 2021 को कुणाल का प्रणव से फोन कॉल पीएसआई शेयर करने के लिए नहीं था। उस दिन दोपहर में ही मीडिया में स्क्रएनर्जी डील की रिपोर्ट्स आ चुकी थीं, इसलिए जानकारी पब्लिक हो गई थी।

ट्रेड्स उसके बाद हुए और इनका पैटर्न नॉर्मल ट्रेडिंग से मैच करता है। शेयर प्राइस का उछाल भी मीडिया रिपोर्ट्स के बाद शुरू हुआ। सेबी ने कहा कि आरोप साबित नहीं होते, इसलिए कोई डायरेक्शन या पेनाल्टी नहीं लगाई जाएगी। मामला बंद कर दिया गया है।

**अलग ऑर्डर में अन्य लोगों को भी क्लीन चिट:** एक अलग 63 पेज के ऑर्डर में सेबी ने विनोद बहेटी (पूर्व अडाणी ग्रुप M&A हेड), तरुण जैन, राजतरु एंटरप्राइजेस और स्ष्ट जैन इन्फोसर्विसेस को भी इनसाइडर ट्रेडिंग के आरोपों से मुक्त कर दिया।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 687.26 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 1.033 अरब डॉलर बढ़कर 687.26 अरब डॉलर हो गया। पिछले सप्ताह भंडार 1.877 अरब डॉलर घटकर 686.227 अरब डॉलर था। विदेशी मुद्रा आस्तियां घटकर 556.88 अरब डॉलर रह गईं, जिसमें यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं के उतार-चढ़ाव का असर शामिल है। स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.188 अरब डॉलर बढ़कर 106.984 अरब डॉलर हो गया। वहीं, स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआर) में 93 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह 18.721 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### जियोस्टार और आईसीसी की बनी रहेगी साझेदारी

**मुंबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) और जियोस्टार ने स्पष्ट किया है कि भारत में आईसीसी के मीडिया राइट्स को लेकर दोनों के बीच 2024-2027 का समझौता पूरी तरह लागू है। जियोस्टार ने अपने मौजूदा कॉन्ट्रैक्ट से कोई कदम पीछे नहीं खींचा है और वह आगामी फरवरी में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप का प्रसारण करेगा। हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि जियोस्टार आईसीसी मीडिया राइट्स से हट रहा है। आईसीसी और जियोस्टार ने संयुक्त बयान में कहा कि यह खबरें पूरी तरह गलत हैं। दोनों संस्थाओं ने दोहराया कि जियोस्टार भारत में आईसीसी का आधिकारिक मीडिया पार्टनर बना रहेगा। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया कि आईसीसी 2026 से आगे के मीडिया राइट्स के लिए अन्य कंपनियों जैसे सोनी, प्राइम वीडियो और नेटफ्लिक्स से बातचीत कर रहा है।

## लघु उद्योग संघ ओर जी.आए.ए द्वारा नए श्रम संहिताओं पर आयोजित किया कार्यक्रम

# श्रम कानून विशेषज्ञ के छिब्बर ने दिया व्याख्यान

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

21 नवम्बर 2025 को केंद्र सरकार द्वारा चार श्रम संहिताओं की अधिसूचना भ्रम की स्थिति पर मध्य प्रदेश लघु उद्योग संघ ओर गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ता जी के छिब्बर का व्याख्यान आयोजित किया गया।

अधिवक्ता के छिब्बर ने की केंद्र सरकार ने चारों संहिताओं की अधिसूचना तो जारी कर दी है परन्तु संहिताओं के नियम अभी गठित नहीं हुवे है इसलिए अधिसूचना समुचित रूप से प्रभावी नहीं मानी जा सकती है क्योंकि नए कानूनों के न्यायिक प्रक्रिया 21 नवम्बर 25 से ठप्प हो गई थी ट्रिब्यूनल का गठन नहीं हुआ है।

अधिवक्ता छिब्बर ने 29 श्रम कानूनों को चार संहिताओं को समाहित करने एवं नए प्रावधानों की जानकारी दी औद्योगिक सम्बन्ध संहिता ओर वेतन संहिता को संक्षिप्त में बताया अधिवक्ता छिब्बर ने श्रोताओं के प्रश्नों के जवाब दिए ओर जिज्ञाओं का समाधान किया



कार्यक्रम के प्रारंभ अध्यक्ष विजय गौड़ ने अधिवक्ता जी के छिब्बर का स्वागत

किया ओर नए श्रम कानूनों की जानकारी के लिए व्याख्यान के लिए धन्यवाद दिया कार्यक्रम का संचालन सुनील भार्गव ने किया कार्यक्रम के समापन पर मध्य प्रदेश लघु उद्योग संघ ओर गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से वी के जैन ओर योगेश गोयल ने अधिवक्ता जी के छिब्बर को स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

## एविएशन, टेलीकॉम, एयरपोर्ट और रिफाइनिंग में केवल दो-तीन कंपनियों का दबदबा, एक्सपर्ट बोले

# यह इकोनॉमी के लिए खतरा

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का बिजी और कॉम्प्लेक्स उड़ान शेड्यूल नवंबर में उस समय बिगड़ गया, जब पायलट और क्रू मेंबर्स को ज्यादा आराम देने वाला नया नियम लागू हुआ।

दिसंबर के पहले हफ्ते में एयरलाइन पूरी तरह बिखर गई। एक दिन में ही 1,000 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं। इससे 10 लाख से ज्यादा बुकिंग्स प्रभावित हुईं।

लोग परेशान हुए और हालात बिगड़े तो सरकार ने एयरलाइन की कार्यप्रणाली की जांच का आदेश दिया। बड़ा सवाल यह है कि महज एक कंपनी की गड़बड़ी से दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन सेक्टर कैसे ठप हो सकता है?

इसका जवाब मार्केट में कम कॉम्पिटीशन के मौजूद होने में छिपा है।



दरअसल 2007 में शुरू हुई इंडिगो की जबरदस्त कामयाबी ने उसे भारतीय डोमेस्टिक एविएशन मार्केट का 64% से ज्यादा हिस्सा दे दिया। वहीं एअर इंडिया के पास 25% हिस्सेदारी है।

**लोग परेशान हुए तो सरकार ने नियम वापस लिया:** देशभर में पैसेंजर परेशान होते रहे। इसके बाद इंडिगो के मैनेजमेंट ने माफी मांगी और कहा कि खराब मौसम और सॉफ्टवेयर अपडेट जैसे कई कारणों से उड़ानों में दिक्कत हुई।

एविएशन मार्केट के सबसे बड़े हिस्से पर काबिज इंडिगो की गड़बड़ी से देशभर के हवाई अड्डे प्रभावित हुए और सरकार को अपना नया सुरक्षा नियम अस्थायी रूप से वापस लेना पड़ा।

**इंडिगो शेयर 15% गिरा, सरकार बोली- एक्शन लेंगे** इंडिगो की इस गड़बड़ी पर शेयर बाजार में उसे सजा दी और उसका शेयर में करीब 15% गिर गया। मार्केट वैल्यू भी 4.8 अरब डॉलर (43 हजार करोड़ रुपए) कम हो गई। इसके बाद सरकार ने सख्ती दिखाई। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने संसद में कहा कि कोई भी एयरलाइन कितनी भी बड़ी हो, गलत योजनाओं से यात्रियों को इतना परेशान नहीं कर सकती।

नायडू ने कहा कि इस मसले पर 'सख्त कार्रवाई' होगी ताकि हर एयरलाइन के लिए मिसाल कायम हो। भारत में हवाई यात्रा की मांग तेजी से बढ़ रही है, इसलिए हमें 5 बड़ी एयरलाइंस की जरूरत है।

**एयरपोर्ट और ईंधन रिफाइनिंग पर 2 कंपनियों का कब्जा:** इंडिगो का बुरा हफ्ता भारत की सबसे तेज बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी समस्या को उजागर करता है।

### नए श्रम कानून: पीएफ कटौती से टेक-होम सैलरी पर असर नहीं

**नई दिल्ली।** श्रम मंत्रालय ने नए श्रम कानूनों को लेकर कर्मचारियों के भ्रम को दूर किया है। मंत्रालय ने कहा कि जिन कर्मचारियों के पीएफ की कटौती 15,000 रुपये की वेज सीलिंग के आधार पर होती है, उनकी टेक-होम सैलरी में कोई कमी नहीं आएगी। पीएफ कटौती इसी सीमा तक अनिवार्य होगी, जबकि 15,000 रुपये से ऊपर का योगदान कर्मचारी की इच्छा पर निर्भर करेगा। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि केवल उन्हीं कर्मचारियों की टेक-होम सैलरी प्रभावित होगी, जिनकी पीएफ कटौती पूरा बेसिक सैलरी देखकर होती है।




### मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों से विकास को गति

- 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों के विकास, औद्योगिक निवेश और रोज़गार वृद्धि तथा बेहतर अधोसंरचना के लिए इंदौर-उज्जैन-देवास-धार को मिलाकर तथा भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) से मिलकर बन रहे 2 मेट्रोपॉलिटन शहर
- भविष्य में और क्षेत्र भी बनेंगे मेट्रोपॉलिटन

### स्वच्छ हरित शहरों की ओर

- ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिये इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी एवं इंफ्रास्ट्रक्चर विकास
- इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी में स्मार्ट शहरों और आधुनिक आवासीय परियोजनाओं को स्वीकृति

### आधुनिक और सुविधाजनक परिवहन

- इंदौर में मेट्रो सेवा शुरु, भोपाल में जल्द शुरु होगा संचालन
- पीएम ई-बस सेवा अंतर्गत 6 शहरों में 550 से अधिक बस परिवहन
- शीघ्र शुरू होगी आधुनिक और सुलभ मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा

### हर शहरी गरीब को आवास की गारंटी

- पीएम आवास योजना (शहरी) अंतर्गत 8.61 लाख से अधिक परिवारों को पक्का आवास। PMAY-U2.0 के लिये 10 लाख नये आवास का लक्ष्य
- इस योजना में बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट में दूसरे स्थान पर मध्यप्रदेश

### स्वच्छ भारत मिशन में सबसे आगे

- इंदौर लगातार 8वीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर के सम्मान से पुरस्कृत, अपशिष्ट प्रबंधन के नवाचार में भी सबसे आगे 550 टन प्रतिदिन बायो CNG प्लांट से प्रतिवर्ष 1.30 लाख टन कार्बन डाई-ऑक्साइड उत्सर्जन में कमी
- 361 निकाय ओडीएफ++ प्रमाणित, उपयोगित जल के उपचार की हाईब्रिड कंस्ट्रक्टेड वेटलैंड, डी-वॉट्स आदि तकनीकों से बदला स्वच्छता का परिदृश्य

### हर घर में शुद्ध पेयजल

- अमृत योजना 2.0 अंतर्गत सभी नगरीय निकायों में 224 परियोजनाओं से जल आपूर्ति
- जल जीवन मिशन में 80 लाख+परिवारों को मिला नल कनेक्शन

### आजीविका से खुशहाली

- पीएम स्वनिधि योजना में 13.46 लाख शहरी स्ट्रीट वेंडर्स को ₹2078 करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण, योजना में देश में प्रथम स्थान पर मध्यप्रदेश
- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में 65 हजार स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 6 लाख परिवार एवं 1.50 लाख से अधिक युवा कौशल प्रशिक्षण और रोज़गार से जुड़े

### जल गंगा संवर्धन अभियान, अनूठी पहल

- जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत 2.30 लाख से अधिक जल दूत पंजीकृत। 83 हजार से अधिक खेत तालाब, 1 लाख से अधिक कुएं रीचार्ज एवं 1 हजार से अधिक अमृत सरोवर बनाए

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D11160/25

## डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

*हम अपने शहरों को आत्मनिर्भर निकाय के रूप में विकसित करने और नागरिकों को बेहतर और आधुनिक सेवाएं प्रदान करने वाले शहरों के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।*

-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी.गोयल। मो.9827054436भोपाल कार्यालय : 4240007. डाक पंजीयन – श्झ/एए304/2023-2025
व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।